नई दिल्ली
शनिवार, 5 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 29, अंक : 81
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 36.0
न्यून. 29.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,432.89 | 193.42 ▲ |
| निफ्टी | 25,461.00 | 55.70 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 99,020/- | 600/- ▲ |
| चांदी | 1,04,800/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.39 | 16 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 68.03 बैरल | | 1.03% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

अभियान में भारत एक सीमा पर तीन दुश्मनों से एक साथ लड़ा

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 'लाइव लैब' के जरिए अपने हथियारों को टेस्ट कर रहा था चीन

यह जानकारी शुक्रवार को फिक्की में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते उप सेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह की शुरुआत में भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को दो महीने पूरे हो जाएंगे। लेकिन उससे ठीक पहले उप-सेनाप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर.सिंह इस सैन्य अभियान से जुड़े कुछ तथ्यों, इससे सीखे गए सबक और चीन-पाकिस्तान-तुर्किए के नापाक गठजोड़ के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारी देश के सामने रखी है। शुक्रवार को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई ऑपरेशन सिंदूर की चार दिवसीय कार्रवाई के दौरान एक ओर चीन, जीवित प्रयोगशाला (लाइव लैब) के जरिए पाकिस्तान को दिए अपने हथियारों को जांच-परख रहा था। तो वहीं, भारत इस दौरान अपनी एक सीमा यानी पश्चिमी सीमा पर केवल एक नहीं बल्कि तीन-तीन दुश्मनों व विरोधियों से एक साथ लड़ा था। उनका इशारा पाकिस्तान और उसे भारत के खिलाफ हमले को लेकर प्रदान की गई चीन और तुर्किए के हथियारों की मदद की ओर था। ज्ञात हो कि इसी साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित लश्करे तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों ने पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की दरकार

*उप सेनाप्रमुख ने कहा कि जब इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर की बात आती है तो भारत को एक मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की जरूरत है। जब भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) की बातचीत हो रही थी। तो पाकिस्तान को हमारे वेक्टर्स की लाइव अपडेट चीन की मदद से मिल रही थी। इसलिए हमें एक मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम की आवश्यकता है। साथ ही इस मामले में तीव्र गति से काम किया जाना चाहिए। जिससे भविष्य में ऐसी चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने अपने संबोधन में यह भी साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के कुछ स्वदेशी हथियारों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जबकि कुछ इस मामले में पिछड़ गए यानी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने इजरायल का उदाहरण* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह के खुलासे के बाद आक्रामक हुई कांग्रेस, मॉनसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से चर्चा की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास और संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन की भूमिका को लेकर स्पष्ट किया कि इस ऑपरेशन के दौरान भारत न केवल पाकिस्तान से, बल्कि चीन और तुर्की जैसे देशों से भी अप्रत्यक्ष रूप से लोहा ले रहा था। जनरल सिंह ने पुष्टि की कि चीन ने पाकिस्तानी वायुसेना को असाधारण समर्थन प्रदान किया, जिसमें भारतीय सैन्य गतिविधियों की रीयल-टाइम जानकारी और सैन्य हार्डवेयर की आपूर्ति शामिल थी। इस खुलासे ने भारत-चीन संबंधों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं, और कांग्रेस पार्टी ने आगामी मानसून सत्र में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की मांग को तेज कर दिया है। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने फिक्की द्वारा आयोजित 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज' कार्यक्रम में खुलासा किया कि इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सीकर में एटीएम ही उखाड़कर ले गए बदमाश



**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले के अजीतगढ़ कस्बे में गुरुवार देर रात बदमाशों ने एसबीआई के एटीएम को उखाड़कर ले गए। बदमाशों ने सबसे पहले एटीएम की सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट कर उसे रस्सियों से बांध दिया, फिर सीसीटीवी कैमरों के कनेक्शन काटकर पूरी वारदात को अंजाम दिया। वारदात के समय बदमाश चेहरे ढके हुए थे।

### आरोपी निकला लड़की का परिचित, गिरफ्तार



**पुणे।** पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कोंढवा रेप केस के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोथरुड-बाणेर इलाके से लगभग 48 घंटे बाद पकड़ा गया। वह युवती का परिचित है। घटना के समय युवती फ्लैट पर अकेली थी, आरोपी ने खुद को कूरियर एजेंट बताया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस को सफलता मिली है।

### ट्रेन में 80 और स्टेशन पर 70 रुपए में खाना



**नई दिल्ली।** ट्रेनों में लंबी दूरी का सफर तय करने वाले यात्रियों की संख्या भी करोड़ों में होती है। रेल मंत्रालय ने अपने एक्स अकाउंट पर वेज मील की कीमत और इसका पूरा मेन्यू शेयर किया है। इसमें बताया कि स्टेशन पर मिलने वाले वेज मील की कीमत 70 रुपए है, जबकि ट्रेनों में इसकी कीमत 80 रुपए है। रेल मंत्रालय ने वेज मील के आइटम भी बताए।

अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव त्रिनिदाद-टौबैगो पहुंचे प्रधानमंत्री, भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दी यह जानकारी

# 'पीएम कमला बिहार की बेटी, राज्य की विरासत भारत संग दुनिया का भी गौरव है': मोदी



- हवाईअड्डे पर पीएम का रेड कार्पेट वेलकम, भारतीय परिधानों में नजर आए पीएम कमला और उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्री
- परंपरागत कलाकारों ने भोजपुरी चौताल गाकर किया पीएम का स्वागत
- त्रिनिदाद-टोबैगो के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान, 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किए गए प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों भगवान विष्णु के अवतारों और उनसे जुड़े पवित्र धार्मिक ग्रंथों की गूंज न केवल भारत बल्कि समूची दुनिया में जोरशोर से सुनाई दे रही है। देश में ओडिशा में पवित्र रथयात्रा महोत्सव के जरिए इसे सुना जा सकता है। तो वहीं, सात समुंदर पार बिहार और उत्तर प्रदेश से गए गिरमिटिया मजदूरों के देश त्रिनिदाद-टोबैगो (टी एंड टी) में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामायण और रामचरितमानस का जिक्र कर इस गूंज का साक्षात प्रमाण प्रस्तुत किया है। जी हां, पांच देशों की अपनी विदेश यात्रा के दूसरे पड़ाव पर प्रधानमंत्री शुक्रवार को टी एंड टी की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचे। जहां हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर और उनके मंत्रिमंडल के करीब 38 मंत्रियों, 4 सांसदों ने भारतीय वेशभूषा में उनका भव्य अंदाज में रेड कार्पेट वेलकम किया, परंपरागत अंदाज में पीएम



मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद उन्होंने एक कार्यक्रम में बड़ी तादाद में मौजूद भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए न केवल रामायण और रामचरितमानस को दोनों देशों के बीच स्थापित मजबूत प्राचीन सेतु के रूप में रेखांकित किया। बल्कि रामचरितमानस की खूबसूरत आध्यात्मिक पंक्तियों को पढ़कर कार्यक्रम में मौजूद तमाम प्रवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में बिहार का विशेष रूप से ▶▶ शेष पेज 5 पर

त्रिनिदाद-टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया



### यूं पीएम कमला को बताया बिहार की बेटी

*पीएम मोदी ने कहा, त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के पूर्वज बिहार के बक्सर के रहने वाले हैं और वह भी वहां जाकर आई हैं। भारत में लोग इन्हें बिहार की बेटी मानते हैं। यहां कई लोगों के पूर्वज बिहार से ही आए थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हो, राजनीति, कूटनीति या फिर उच्च शिक्षा। बिहार ने सदियों पहले दुनिया को ऐसे अनेक विषयों में नई दिशा दिखाई थी। मुझे विश्वास है कि 21वीं सदी की दुनिया के लिए भी बिहार से धरती से नई प्रेरणाएं, नए अवसर निकलेंगे। कमला जी की तरह यहां कई लोग हैं, जिनकी जड़ें बिहार में हैं। बिहार की विरासत हम सभी के लिए गर्व की बात है। गौरतलब है कि बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उससे ठीक पहले प्रधानमंत्री की त्रिनिदाद-टोबैगो की विदेशी धरती से बिहार और उसकी विरासत पर की गई इस टिप्पणी को जानकार राजनीतिक नफे-नुकसान के नजरिए से देख रहे हैं।*

### कालातीत सभ्यता के संदेशवाहक प्रवासी

*उन्होंने कहा, गुनगुनाते पक्षियों की इस खूबसूरत भूमि पर मेरा पहला जुड़ाव भारतीय समुदाय के साथ है। ये स्वाभाविक भी है। क्योंकि हम एक ही परिवार का हिस्सा हैं। यहां भारतीय समुदाय की कहानी साहस की गाथा से जुड़ी हुई है। आपके पूर्वजों ने जिन हालातों का सामना किया वो सबसे मजबूत मनोभावों को भी तोड़ सकती थीं। लेकिन उन्होंने उम्मीद के साथ मुश्किलों का डटकर सामना किया। वे गंगा, यमुना को पीछे छोड़ गए। लेकिन रामायण को अपने साथ ले गए। जिससे साफ है कि उन्होंने केवल अपनी भूमि छोड़ी थी, आत्मा नहीं। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे। एक कालातीत सभ्यता के संदेशवाहक थे। जिनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से लाभान्वित किया है।*

### भोजपुरी में पीएम ने जताया आभार

*कैरेबियाई देश में स्थानीय परंपरागत कलाकारों द्वारा ढोल-मंजीरा के साथ बिहार के लोकगीत भोजपुरी चौताल गाकर किए गए अपने स्वागत से अभिभूत हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोजपुरी में ही अपनी एक बेहद खास एक्स पोस्ट के जरिए सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, 'एगो अनमोल सांस्कृतिक जुड़ाव! बहुत खुशी भइल कि पोर्ट ऑफ स्पेन में हम भोजपुरी चौताल प्रस्तुति के प्रदर्शन देखनी। त्रिनिदाद एंड टोबैगो आ भारत, खास करके पूर्वी यूपी आ बिहार के बीच के जुड़ाव का उल्लेखनीय बा'। वहीं, त्रिनिदाद-टोबैगो की प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी के सम्मान में रात्रिभोज दिया। जिसमें सोहारी के पत्ते पर दाल, भात और तरकारी परोसी गई। पीएम मोदी ने बड़े ही चाव से उसका आनंद लिया। इसके अलावा उन्होंने उपहार के रूप प्रधानमंत्री कमला बिसेसर को अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिकृति और सरयू नदी के पवित्र जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित किए गए महाकुंभ का जल भी भेंट किया। पीएम ने कैरेबियाई देश के गायक राणा मोहिप, भारत को जानिए क्विज के विजेताओं से भी मुलाकात की।*

संघ और भाजपा हाईकमान के बीच महिला को अध्यक्ष बनाने पर हो सकती है सहमति

निर्मला सीतारमण, डी पुरंदेश्वरी और वनाथी श्रीनिवासन का नाम चर्चा में

## भाजपा महिला नेता को सौंप सकती है राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



निर्मला सीतारमण



डी पुरंदेश्वरी



वनाथी श्रीनिवासन

भारतीय जनता पार्टी का अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा को लेकर लंबे समय से कयासों का दौर चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में नए अध्यक्ष के नाम की घोषणा हो सकती है। इस बीच चर्चा है कि पार्टी संगठन की कमान किसी महिला नेता के हाथों में सौंपी जा सकती है। वर्तमान में भाजपा के अध्यक्ष पद को संभाल रहे जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में समाप्त हो चुका है। फिलहाल वे नए अध्यक्ष के चयन होने तक वद संभाल रहे हैं। अब दिल्ली के राजनैतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा पहली बार किसी महिला नेता को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दे सकती है। फिलहाल केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, डी पुरंदेश्वरी और वनाथी ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के खोनमोह में 'लखपति दीदी सम्मेलन' में भाग लिया

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने महिलाओं को 'परिवर्तन की वास्तविक निर्मात्री' बताया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण आजीविका मिशन (जेकेआरएलएम) ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के खोनमोह में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों की उपलब्धियों को मान्यता देने के उद्देश य से एक ऐतिहासिक कार्यक्रम "लखपति दीदी सम्मेलन" आयोजित किया। यह कार्यक्रम इस केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में एक प्रमुख मील का पत्थर है। केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज



सिंह चौहान सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे, जबकि जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण विकास और जनसंपर्क मंत्री जाविद अहमद डार सम्मानित अतिथि थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से लखपति दीदी पहल के तहत सैकड़ों महिला लाभार्थियों ने भाग लिया और आर्थिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

उत्तर प्रदेश के बागपत की रहने वाली हैं आस्था, उनके गांव में दौड़ी खुशी की लहर

## भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट बनी सब-लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया

नौसेना के मिग-29 के लड़ाकू विमान में उड़ान के साथ पस्त करेंगी दुश्मनों के हौसले



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के इतिहास में बीते गुरुवार को दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। क्योंकि उसी में बल को सब-लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया के रूप में अपनी पहली महिला फाइटर पायलट मिल गई हैं। वह रूसी मूल के नौसेना के मिग-29 के जैसे उन्नत लड़ाकू विमान को उड़ाएंगी।

जिससे सीमा पार बैठे दुश्मन भारत के खिलाफ किसी तरह की कोई गुस्ताखी करने की हिमाकत नहीं करेंगे। नौसेना प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने शुक्रवार को बताया कि सब-लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने विशाखापट्टनम स्थित नौसेना के आईएनएस डेगा अड्डे पर 3 जुलाई को आयोजित द्वितीय बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के तहत अपना प्रशिक्षण (हॉक-132 प्रशिक्षण विमान) पूरा किया है। उन्हें असिस्टेंट चीफ ऑफ नेवल स्टॉफ (एयर) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ गोल्ड प्रदान किए हैं। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढुल को भी यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

### नारी शक्ति को बढ़ावा देने का प्रतीक

*यहां बता दें कि नौसेना ने वर्ष 2022 में अपनी पनडुब्बी सहित अन्य जंगी शाखाओं को महिलाओं के लिए भी खोल दिया था। जिसके बाद अब कई महिलाएं युद्धपोतों और अन्य युद्धक इकाइयों में मजबूती के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। नौसेना से पहले वायुसेना में महिलाएं लड़ाकू विमान पायलट के रूप में भर्ती की गई थीं। सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की कुल अनुमानित संख्या 11 हजार है। मूलरूप से आस्था पूनिया उत्तर प्रदेश के बागपत की रहने वाली हैं। उनकी इस कामयाबी को उनके गांव में भी खुशी का माहौल* ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर मामले पर साफ किया सरकार का रुख

# दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन पर रिजिजू के बयान से भड़का चीन


भारत को दी तिब्बत के मामले में सतर्कता बरतने की चेतावनी

जुलाई के तीसरे सप्ताह में चीन की यात्रा करेंगे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तिब्बती आध्यात्मिक धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन के मामले पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा दी गई हालिया प्रतिक्रिया से चीन बुरी तरह से बौखला गया है। उसने भारत को तिब्बत और उससे जुड़े हुए मामलों में सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को कहा कि भारत को यह समझना चाहिए कि उसे इस मुद्दे पर कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 14वें दलाई लामा चीन विरोधी अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं।



इसलिए भारत को तिब्बत को लेकर अपनी प्रतिबद्धताओं को समझना चाहिए। गौरतलब है कि रिजिजू ने कहा था कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी का फैसला वही करें।

### विदेश मंत्रालय का बयान

*इन सबके बीच 4 जुलाई को विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी मामले पर भारत सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि देश की सरकार आस्था और धर्म से जुड़ी हुई मान्यताओं और परंपराओं के मामलों पर न ही कोई पक्ष लेती है और न ही कोई टिप्पणी करती है। सरकार ने देश में हमेशा सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता को महत्व दिया है और आगे भी ऐसा ही जारी रखेगी।*

### जयशंकर करेंगे चीन की यात्रा

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर जुलाई के तीसरे सप्ताह में चीन की यात्रा कर सकते हैं। जिसका उद्देश्य वहां आयोजित की जाने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है। इस दौरान जयशंकर की चीन के प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें हो सकती हैं। एससीओ के सहयोगी देशों के विदेश मंत्रियों से भी भारत के विदेश मंत्री अपनी इस यात्रा के दौरान मुलाकात कर सकते हैं। भारत और चीन के बीच 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए एलएसी विवाद के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा। जब भारत के विदेश मंत्री चीन की यात्रा करेंगे।*

## सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था हो चुकी है पूरी तरह खराबः अंकुश

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सेंट्रल जोन में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त



हो चुकी है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सेंट्रल जोन के पार्षद मंडल के साथ शुक्रवार को एमसीडी के आयुक्त से मुलाकात की और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। अंकुश नारंग ने बताया कि हमने आयुक्त से सेंट्रल जोन में हर गली-हर सड़क पर फैले गंदगी के अंबार को जल्द से जल्द साफ कराने की मांग की है। इस दौरान एमसीडी नेता विपक्ष अंकुश नारंग और निगम पार्षद मंडल में सेंट्रल जोन से वार्ड-142 सारिका चौधरी, वार्ड-184 हेमा श्रीचंद वोहरा, वार्ड- 168 पंकज गुप्ता, वार्ड- 179 राकेश लोहिया, वार्ड-170 भागवीर चौधरी उपस्थित रहे। नेता विपक्ष नारंग ने बताया कि दिल्ली में मनसून ने दस्तक दे दी है। चारों तरफ कूड़ा फैला होने से मौसमी बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस बाबत 4 जून को महापौर को भी चिट्ठी लिखी थी। महापौर ने दो दिन में सफाई कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन सफाई नहीं कराई। फिर उन्होंने इस मुद्दे को सदन में उठाया। उस दौरान महापौर ने कहा कि यह स्थायी समिति के पास जाएगा। लेकिन स्थायी समिति में भी कोई कार्ययोजना नहीं लाई गई। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि अब मानसून ने दस्तक दे दी है, सेंट्रल जोन में कूड़ा फैले होने की वजह से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

### नाबालिग व महिला समेत चार आरोपी दबोचे

# केशवपुरम में बैटरी स्मार्ट स्टेशन पर युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- बैटरी स्मार्ट स्टेशन पर सिगरेट पीने से मना करने को लेकर हुआ झगड़ा

केशवपुरम इलाके में एक बैटरी स्मार्ट स्टेशन पर सिगरेट पीने से मना करना एक युवक को महंगा पड़ा। झगड़े के बाद बात इतनी बढ़ गई कि चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग व महिला समेत चार लोगों को कुछ ही घंटों के भीतर दबोच लिया। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को केशवपुरम थाने में दीप चंद बंधु अस्पताल से एक व्यक्ति के चाकू लगने के बाद भर्ती होने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो विकास साहू पुत्र चेत लाल साहू, निवासी लॉरेंस रोड, मंदिर वाली गली, रामपुरा गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पूछताछ के दौरान मृतक के भाई मिथिलेश साहू ने खुलासा किया कि वह और उसका भाई दोनों लॉरेंस रोड, रामपुरा स्थित एक बैटरी स्मार्ट स्टेशन पर काम करते थे। गुरुवार की रात करीब 11:50 बजे बैटरी स्मार्ट आईडी नंबर 28735 (रोशन के नाम से रजिस्टर्ड) का इस्तेमाल करने वाला वजीरपुर जेजे कालोनी निवासी नवीन बैटरी बदलने के लिए स्टेशन आया था। उसने विकास के सामने धूम्रपान करना शुरू कर दिया। विकास ने इसका विरोध किया, लेकिन नवीन नहीं माना। इसके बाद नवीन की दोनों भाइयों से बहस और गाली-गलौज हुई। इसके बाद नवीन दोनों भाइयों को धमकी देते हुए वहां से चला गया। कुछ ही देर बाद नवीन अपने 4-5 साथियों के साथ लौटा और विकास पर हमला कर दिया। हाथापाई के दौरान उनमें से एक ने विकास पर चाकू से वार कर दिया। मिथिलेश और पड़ोसी संजय ने विकास को अस्पताल पहुंचाया। केशवपुरम थाने में एफआईआर दर्ज की जांच शुरू की गई। कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पकड़ लिया गया। इनमें एक बाल अपराधी भी शामिल है। अपराध का हथियार यानि चाकू भी बरामद हो गया है। साथ ही ई-रिक्शा और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल आरोपियों ने घटनास्थल से भागने के लिए किया था।

पकड़े गये आरोपियों के नाम नवीन (32) पुत्र सूरज, निवासी बी-27, जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, मनीषा (24) पत्नी नवीन और चिराग (20) पुत्र सुरेश, निवासी झुग्गी, बी-47, वाल्मीकि कैंप, लॉरेंस रोड बताये गये हैं। चौथा आरोपी नाबालिग है। इनके शेष साथियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## बवाना शेयर ट्रेडर हत्याकांड में शामिल दो शूटर अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बवाना क्षेत्र के नांगल ठाकरान गांव में गैंगस्टर मंजीत महल के भांजे व शेयर ट्रेडर दीपक की हत्या के मामले में कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के दो शूटरों को शुक्रवार तड़के रोहिणी सेक्टर 34 के पास एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। क्राइम ब्रांच ने जानकारी देते हुये बताया कि दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। इनके नाम हरियाणा के हिसार निवासी सोमबीर उर्फ चीनू और चंडीगढ़ के भास्कर कॉलोनी निवासी विजय बताये गये हैं।

पुलिस के अनुसार हत्या के शामिल बदमाशों की गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिलने पर एक टीम ने मुनक नहर के पास रोहिणी इलाके में जाल बिछाया था। जैसे ही बदमाश वहां पहुंचे तो उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई। चेतावनी दिए जाने के बावजूद दोनों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसमें दोनों बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार सोमबीर ही वह व्यक्ति था जिसने दीपक ठाकरान पर गोली चलाई थी, जबकि विजय नामक हिस्ट्रीशीटर ने उसे तथा गिरोह के अन्य सदस्यों को शरण देने तथा रसद सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुलिस ने सोमबीर और विजय के पास से दो देसी पिस्तौल और सात कारतूस बरामद किए है।

# चोरी के मोबाइल रिसीव करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- 44 महंगे फोन बरामद

मध्य जिला पुलिस ने चुराए गए महंगे मोबाइल फोन रिसीव करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो आरोपियों को पकड़ा गया है। इनके नाम नवदीप कौर (26) और रमनदीप भंगु (33) है। एक आरोपी संजीव कुमार अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार 24 जून को आईपी एस्टेट इलाके में एक मोबाइल फोन छीनने की घटना सामने आई थी। जांच के दौरान छीने गए आईफोन 15 की लोकेशन देव नगर में मिली। उसके बाद पुलिस ने उक्त जगह पर छापा मारा। नवदीप कौर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी के आईफोन के अलावा 44 अन्य फोन बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान कौर ने दो अन्य साथियों संजीव कुमार और भंगु के नाम का खुलासा किया। संजीव कुमार अभी फरार है, वहीं भंगु को हिमाचल प्रदेश के नाहन से गिरफ्तार कर लिया गया। वह नेपाल भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस पूछताछ में आरोपी नवदीप ने बताया कि वह आजीविका के अवसरों की तलाश में दिल्ली आया था। शुरु में मोबाइल फोन मरम्मत से जुड़े व्यवसाय में शामिल हुआ। काफी संघर्षों के बाद पर्याप्त आय नहीं हो रही थी तो वह अपराध की दुनिया में चला गया। नवदीप कौर पंजाब के बठिंडा का रहने वाला है और मोबाइल फोन तकनीशियन है। वह बीएससी स्नातक है। उसने चोरी किए गए मोबाइल फोन प्राप्त करने, उन्हें तोड़ने और फिर बेचने के लिए गिरोह बनाया था।

# दो महीने ऑनलाइन चैट के बाद कर लिया युवक का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- पीड़ित रेस्क्यू, एक आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

ऑनलाइन दोस्ती के बाद अगवा किये गये 20 वर्षीय युवक को शकरपुर पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू कर लिया है। इस सिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल पीड़ित युवक व्हाट्सएप पर एक लड़की से चैट के जाल में फंस गया था। लड़की से करीब दो महीने पहले उसकी दोस्ती हुई। इसके बाद उसे लड़की ने मिलने बुलाया था।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को शकरपुर के गणेश नगर पार्ट 2 निवासी युवती की तरफ से शकरपुर थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। युवती ने बताया कि उसका 20 वर्षीय भाई निखिल पाल उर्फ चेतन एक लड़की से मिलने गया था, जिसके साथ वह पिछले दो महीनों से व्हाट्सएप पर चैट कर रहा था। इसके बाद निखिल के नंबर से एक धमकी भरा कॉल आया, जिसमें कहा गया कि वह लड़की के साथ ओयो होटल में पकड़ा गया है और उसे छोड़ा नहीं जाएगा। इसके तुरंत बाद फोन बंद हो गया था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए एसएचओ ने तुरंत एक टीम का गठन किया। युवक की आखिरी लोकेशन सेक्टर-6, नोएडा में ट्रेस की गई। हालांकि, पीड़ित वहां नहीं मिला। इसके बाद दूसरी लोकेशन यमुना खादर के पास मयूर विहार मेट्रो स्टेशन के पास ट्रैक की गई। पुलिस टीम वहां पहुंची। टीम ने देखा कि कुछ लोग पीड़ित को घेरकर उस पर हमला कर रहे थे। पुलिस की मौजूदगी को देखते हुए हमलावरों ने पीड़ित और अपनी मोटरसाइकिलों को छोड़कर भागने का प्रयास किया। पीछा करने के दौरान एक आरोपी गिर गया और उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसकी पहचान संजीव कुमार लोहिया निवासी त्रिलोकपुरी के रूप में हुई। तलाशी लेने पर संजीव के कब्जे से पीड़ित का मोबाइल फोन बरामद किया गया। निखिल को तुरंत बचाया गया और डॉ. हेडगेवार अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया। निखिल ने खुलासा किया कि वह लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास सुबह 10:30 बजे के आसपास लड़की से मिला था। वह उसे इंदिरापुरम मॉल में ले गई थी। वापस आते समय पांच लड़कों ने मेट्रो स्टेशन के पास उन्हें रोक लिया और जबरन एक सुनसान घर में ले गए। उसके साथ मारपीट की और परिवार को धमकी भरे फोन किए। युवक ने आगे आरोप लगाया कि लड़की इस साजिश में शामिल थी और हमलावरों के साथ मिलकर काम कर रही थी। बाद में उसे एक जंगली इलाके में ले जाया गया, जहां मारपीट जारी रही। पुलिस के समय पर हस्तक्षेप ने अधिक गंभीर परिणाम को टाल दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी संजीव ने खुलासा किया कि वह, सह-आरोपी तरुण, आकाश और अन्य के साथ मिलकर दो महीने से अधिक समय से इस अपहरण की योजना बना रहा था। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान पता चला कि अपहरण और हमले के पीछे का उद्देश्य पैसे ऐंठना था। लड़की सहित शेष आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## रेखा गुप्ता का एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 छलावा, पेड़ों को काटने की इजाजत क्यों : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सीएम रेखा गुप्ता द्वारा शुरू किए गए वृक्षारोपण अभियान 2025' के तहत 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 को छलावा करार दिया है। यादव ने सीएम रेखा और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ तो राजधानी में पेड़ों की बेतहाशा कटाई की इजाजत क्यों दी जा रही है। वहीं दूसरी तरफ दिखावे के नाम पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 शुरू किया गया है। यादव ने पूर्व में कस्तूरबा नगर फेज-2 में सामान्य पूल आवास परियोजना के तहत 856 पेड़ों की कटाई और प्रतिरोपण की अनुमति पर सवाल उठाते हुए इसे पर्यावरण और सामाजिक न्याय दोनों पर कुठाराघात बताया था। जबकि दिल्ली पहले से ही दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानियों में से एक है। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि भाजपा की मंशा साफ है, झुग्गी हटाओ, पेड़ काटो, इमारतें बनाओ, न की दिल्ली से प्रदूषण समाप्त करना। यादव ने कुछ जानकारियां साझा करते हुए आरोप दोहराए कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए 115.88 हेक्टेयर में फैले क्षेत्र से 887 पेड़ हटाए जाएंगे। जबकि मौलाना आजाद रोड पर कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरियट की इमारत के लिए 5.037 हेक्टेयर क्षेत्र में 476 पेड़ और नेताजी नगर (पैकेज-5) में 6.33 हेक्टेयर क्षेत्र में 501 पेड़ काटने की अनुमति एलजी द्वारा दी जा चुकी है।

# 13 लाख लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आरोपियों में शिकायतकर्ता अकाउंटेंट भी शामिल

पश्चिमी जिले के मोती नगर इलाके में 13 लाख रुपये की लूट का मामला जांच में झूठा निकला। झूठी कहानी गढ़ने के आरोप में शिकायतकर्ता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सुभाष चंद (22) एक कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करता था और वही इस साजिश का मास्टरमाइंड था। पकड़े गये इसके दोस्त का नाम हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी विजयपाल (26) है।

पुलिस के मुताबिक मामले की सूचना बृहस्पतिवार को तब मिली जब सुभाष ने पुलिस को फोन कर दावा किया कि बैंक से पैसे निकालने के बाद उससे 13 लाख रुपये लूट लिए गए। सुभाष ने पुलिस को बताया कि तीन मोटरसाइकिल पर सवार छह अज्ञात लोगों ने फ्लाईओवर पर उस पर चाकू से हमला किया और पैसे लूटकर भाग गए। एक टीम गठित की गई और जांच के दौरान टीम ने आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि या सुभाष का पीछा करते हुए कोई वाहन नहीं मिला। इसके अलावा पुलिस ने पाया कि उसकी चोटें सतही थीं और चाकू के हमले से होने वाली सामान्य चोटों की तरह नहीं थी। पूछताछ करने पर सुभाष ने कबूल किया कि उसने लूट की पूरी साजिश रची थी। उसने राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन पर विजयपाल को नकदी सौंपने और बाद में पुलिस को गुमराह करने के लिए घटना की झूठी सूचना देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि सुभाष जुए में 30 लाख रुपए हार गया था और उस पर यह रकम चुकाने का आर्थिक दबाव था। अपने नुकसान की भरपाई के लिए उसने अपनी कंपनी के खाते से 13 लाख रुपए निकाले और विजयपाल को दिए। विजयपाल बाइक टैक्सी से भाग गया और बाद में बस में सवार होकर हरियाणा में अपने पैतृक गांव चला गया। टीम को तुरंत महेंद्रगढ़ भेजा गया, जहां उन्होंने विजयपाल के आवास से पूरी रकम बरामद कर ली। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा आगे की जांच जारी है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के बदले उनकी बकाया राशियों का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये। चूंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 15 जुलाई, 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगिन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : गुड़गांव – न्यू रेलवे रोड | |
| 424405001039 | आशीष कुमार टुटेजा |
| शाखा का नाम : गुरुग्राम – सेक्टर-15 पार्ट-II | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 114862002015 | गौरव कुमार |
| शाखा का नाम : पानीपत | |
| 017405010929 | नितिन कुमार |
| शाखा का नाम : पातड़ा | |
| 283105004803 | सुखदेव राम |

दिनांक : 05.07.2025
स्थान : गुरूग्राम, पानीपत, कैथल
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. 25 ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-09 ऑफ 2025)

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु शिक्षा विभाग, म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा प्रस्तावित 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी), माध्यमिक स्तर (बी.ए. बी.एड. और बी.कॉम. बी.एड.) कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम तिथि 12.07.2025 तक बढ़ा दी गई है।

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2025-26 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

परिवर्तन/अद्यतन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद-1235/11/161/2026/36276/सी/88/7 दि. 04.07.25 रजिस्ट्रार

### न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# बारिश ने दी उमस व गर्मी से राहत, जगह जगह लगे जाम व जलभराव ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कई दिनों से उमस व गर्मी से परेशान दिल्ली वालों को शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने कुछ हद तक राहत जरूर दी लेकिन, जगह जगह जलभराव व यातायात जाम ने परेशान भी खूब किया। हालांकि अब भी बारिश पूरी दिल्ली में नहीं हुई। दोपहर के समय दिल्ली में अचानक मौसम ने करवट ली और कई इलाकों में छाए काले काले बादलों की वजह से दिन में रात नजर आने लगी। जिसके बाद कहीं कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश दर्ज हुई। जलभराव से बुराड़ी, मुकुंदपुर, मुकुंदपुर से आजादपुर की तरफ, शालीमार से आजादपुर की तरफ, समयपुर बादली, लिबासपुर, कैंप, पंजाबी बाग चौक, ब्रिटानिया चौक, पीरागढ़ी, शादीपुर डिपो, पूसा, पटेल नगर आदि जगहों पर जाम के हालात बने रहे। मिनटों के सफर में लोगों को घंटो लग गए। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बारिश को लेकर पहले ही शुक्रवार-रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया। जो पहले दिन यानी शुक्रवार को सही साबित हुआ और दिल्ली में कई जगह बारिश देखने को मिली। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली के पालम में 5.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सबसे ज्यादा बारिश पूसा में 21 मिमी, रिज 4.4 मिमी, आया नगर 2.8 मिमी, नजफगढ़ 8.0 मिमी दर्ज हुई। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम पारा 36.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.2 डिग्री सेल्सियस है। जबकि न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.5 नीचे है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम आद्रता 87 प्रतिशत और न्यूनतम आद्रता का स्तर 59 प्रतिशत दर्ज हुआ। वहीं वायु प्रदूषण में सुधार के बाद दिल्ली का वायु प्रदूषण लेवल (एक्यूआई) 72 संतोषजनक श्रेणी में दर्ज हुआ। बता दें कि दिल्ली में दो दिन की देरी के बाद 29 जून 2025 को मानसून ने प्रवेश किया था। लेकिन एक दो हल्की बारिश को छोड़ दे तो अभी तक पूरी दिल्ली में मानसून वाली घनघोर व रिमझिम बारिश देखने को नहीं मिली है। यही कारण है दिल्ली वालो को भीषण गर्मी व दम घोटू उमस की मार झेलनी पड़ रही है। अगर मौसम विभाग की भविष्यवाणी सही साबित हुई तो अगले दो दिन यानी वीकेंड तक दिल्ली वालों को बारिश देखने को मिल सकती है।

## कृष्णा नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते छह साल के लिए किया निष्कासित

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासनात्मक कमेटी ने सर्वसम्मति से कृष्णा नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोपों के साथ 6 वर्ष के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया है। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र नाथ ने पत्रकारों के बीच छह साल से पार्टी से बाहर करने की घोषणा की। इस मौके पर नरेंद्र नाथ के अलावा कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज सहित अनुशासनात्मक कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर डॉ नरेन्द्र नाथ ने कहा कि पार्टी ही सर्वोपरि है, पार्टी से बड़ा कोई नही, पार्टी से उपर कोई नही होता। हम सभी पार्टी के अनुशासित सिपाही है और पार्टी के नीति नियम और आदर्शों को पालन करना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियां को बर्दाश्त नही किया जा सकता, यही देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी की परम्परा रही है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार को अनुशासनात्मक कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया है कि कृष्णा नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू को जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी पदों से 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया जाए। यह फैसला डॉ नरेन्द्र नाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में कमेटी सदस्य शोएब दानिश, वरयाम कौर, डा0 ओनिका मेहरोत्रा और अश्विनी धवन ने लिया।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

डी.डी न. 133 दिनांक 09.06.25 धारा 194 BNSS थाना कलानौर जिला रोहतक।



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**
**नाम** - नामपता नामालूम
**पिता/पति का नाम**- नामालूम
**पता**- नामालूम।
**उम्र**- लगभग 45-50 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 ईंच।
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर।
**पहनावा**- सफेद रंग की टी-शर्ट, लाल रंग का अंडरवियर व काले रंग की पैंट पहने हुए है।

दिनांक 09.06.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश 152-डी हाईवे पर मिली है। जिसकी मौत नामालूम कारणों से होनी बयान हुई है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना कलनौर रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतु 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9466308573

पीआरडीएच-1084/11/3602/2026/36258/88/7 दि. 04.07.2025

## मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' का किया उद्घाटन

# जनता की आवाज़ सीधे सरकार तक पहुंचे तेजी से हो समस्या का समाधान : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पिछली सरकारों के समय जनता और सरकार के बीच संवाद की कमी थी। हमारी सरकार यह भरोसा दिलाना चाहती है कि जनता की आवाज़ सीधे सरकार तक पहुंचे और हर समस्या को तेज गति से समाधान मिले। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' के उद्घाटन के बाद संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि सिविल लाइंस स्थित 2/8 राज निवास मार्ग पर यह 'सदन' आम नागरिकों और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करेगा, जहां मुख्यमंत्री और उनके साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन आम लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों और समस्याओं के निदान के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे। मुख्यमंत्री



रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता की प्रशासनिक सेवाओं तक सुलभ पहुंच और समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में यह ठोस कदम उठाया गया है। अब किसी भी दिल्लीवासी को अपनी समस्या लेकर भटकने की ज़रूरत नहीं है। मुख्यमंत्री जनसेवा सदन उनके लिए खुला है। यह लोकतंत्र को ज़मीनी स्तर पर सशक्त करने का प्रयास है। इस भव्य उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री, दिल्ली के सांसद, विधायक, पार्षद व गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने मां भारती और समस्त दिल्लीवासियों के कल्याण की भावना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्ण श्रद्धा, समर्पण और संकल्प के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बताया गया कि आधिकारिक तौर पर जनसुनवाई, शिकायत निवारण, सुझाव पंजीकरण, और परामर्श की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी।

वर्तमान में भी मुख्यमंत्री शालीमार बाग स्थित अपने आवास पर सुबह जन-सुनवाई करती आ रही हैं। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि कोई भी दिल्लीवासी अपनी समस्या लेकर भटके नहीं, बल्कि सीधे इस सदन में आए और समयबद्ध समाधान पाए। सरकार की यह पहल स्पष्ट करती है कि दिल्ली की विकास यात्रा अब केवल सड़कों, इमारतों और योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि अब यह लोगों की जिंदगी में वास्तविक परिवर्तन लाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह सदन दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की चिंता, आशा, सुझाव और समाधान का केंद्र बनेगा।

### विभिन्न विभागों के अधिकारी रहेंगे उपस्थित

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मुख्यमंत्री जन सेवा सदन' के कार्यप्रणाली की जानकारी दी और बताया कि 'सदन' में प्रतिदिन निर्धारित समयावधि के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और जनता के साथ सीधा संवाद कर संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। शिकायतों का डिजिटल पंजीकरण, समाधान की समय-सीमा तय करना, फॉलो-अप व्यवस्था और समाधान की गुणवत्ता पर निगरानी, यह सभी पहलू इस जनसेवा सदन की कार्यप्रणाली में समाहित किए गए हैं।

### 'सदन' को सेवा, समाधान और समर्पण का प्रतीक बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भवन जन-भागीदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की उस परंपरा का विस्तार है, जिसकी नींव जनता के विश्वास पर टिकी है। हम इस 'सदन' को सेवा, समाधान और समर्पण का प्रतीक बनाएंगे, जहां हर शिकायत को समाधान मिले, हर आवाज़ को उत्तर मिले और हर नागरिक को पूरा सम्मान मिले। उन्होंने बताया कि यह सदन दिल्ली सरकार द्वारा जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने, जनसुनवाई को संस्थागत रूप देने और समस्याओं के शीघ्र समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

## जल एवं सीवरेज समस्या का किया जाए समाधान: चंदोलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सांसद ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ के साथ की बैठक

उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा के अंतर्गत आने वाले नरेला, बवाना और किराड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जल एवं सीवरेज संबंधी समस्याओं का जल्द हल किया जाए। क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौशल राज शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी।

बैठक में नरेला, बवाना और किराड़ी विधानसभा क्षेत्रों में जल एवं सीवरेज के मुद्दों के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान योगेंद्र चंदोलिया ने इन क्षेत्रों में अपर्याप्त जल आपूर्ति और सीवरेज बुनियादी ढांचे के बारे में चिंता जताई और निवासियों के सामने आने वाली कठिनाइयों को उजागर किया। दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ कौशल राज शर्मा ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर मुद्दों का समाधान कर दिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। बैठक में नरेला विधानसभा से विधायक राज करण खत्री और किराड़ी से भाजपा उम्मीदवार बजरंग शुक्ला भी शामिल हुए, जिन्होंने मुद्दों के समाधान के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए।

सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने बताया कि इन प्रयासों से यह सुनिश्चित हुआ है कि दिल्ली जल बोर्ड इन क्षेत्रों में पानी और सीवरेज की समस्याओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए।

### एलजी ने नियमों में ढील देकर 618 कर्मचारियों को पदोन्नत करके दिया तोहफा

**नई दिल्ली**। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सेवा विभाग के नियमों में ढील देकर डीएसएस और स्टेनो कैडर से संबंधित 618 कर्मचारियों को पदोन्नत करके तोहफा दिया है। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी के नेतृत्व में एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सेवा विभाग ने डीएसएस और स्टेनो कैडर से संबंधित 618 कर्मचारियों को नियमों में ढील देकर पदोन्नत किया है। एलजी के इस फैसले से पैदा हो रही अवांछित ठहराव और परिणामस्वरूप हतोत्साहन की स्थिति पर पूर्ण विराम लग गया है। यह कदम जीएनसीटीडी के कर्मचारियों के बीच प्रेरणा और कार्य कुशलता को बढ़ाएगा, जिसमें कई अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं, जिन्हें 28 जून 2025 से पदोन्नत किया गया है। जिसमें 404 ग्रेड-टू (डीएसएस) (ग्रुप-बी गैर राजपत्रित) को ग्रेड-वन (डीएसएस) (ग्रुप-बी राजपत्रित) के पद पर पदोन्नत किया गया है। जिसमें 308 यूआर, 62 एससी, 22 एसटी और 12 पीडब्ल्यूडी अधिकारी शामिल हैं। जबकि 57 पीए (ग्रुप-बी गैर राजपत्रित) को निजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। सचिव (ग्रुप-बी राजपत्रित) जिसमें 30 अनारक्षित तथा 27 अनुसूचित जाति के अधिकारी शामिल हैं। इनके अलावा 157 आशुलिपिक ग्रेड-थ्री (ग्रुप-सी गैर राजपत्रित) को पीए (ग्रुप-बी गैर राजपत्रित) के पद पर पदोन्नत किया गया है। जिसमें 117 अनारक्षित, 37 अनुसूचित जाति, 01 अनुसूचित जनजाति तथा 02 दिव्यांग अधिकारी शामिल हैं।

### कैबिनेट मंत्री ने फिल्ड कर्मियों को पहनाई 'कूल वेस्ट जैकेट'

नई दिल्ली। तेज़ होती गर्मी और बार-बार आ रहे हीटवेव के खतरे को देखते हुए, दिल्ली के कैबिनेट, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्युडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को 'कूल वेस्ट जैकेट' पहल की शुरुआत की और इस दौरान फिल्ड में कार्य करने वाले कर्मियों को यह जैकेट पहनाई गई। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली हीट एक्शन प्लान, एंटीसिपेटरी एक्शन रिस्पॉन्स के अंतर्गत शुरू की गई है और इसे एआरडीए इंडिया द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एडीडीएमए) और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली के मध्य क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण कार्यों में लोक निर्माण विभाग के फील्ड कर्मचारी, और ट्रैफिक पुलिस जैसे फील्ड में तैनात कर्मियों को गर्मी से राहत देना है। जो घंटों धूप में काम करते हैं और आम जनता की सुविधा के लिए अपने स्वास्थ्य को जोखिम में डालते हैं।

### देहात में नहीं कटनी चाहिए कोई भी नई कच्ची कॉलोनी, नरेला जोन वार्ड समिति बैठक में उठा मुद्दा

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत देहात क्षेत्र में किसी भी नई कच्ची कॉलोनी को नहीं कटने दिया जाए ताकि गरीबों को फिर बाद में रोना बिलखना ना पड़े क्योंकि बिल्डर तो कॉलोनी काटकर चले जाते हैं और गरीब जनता को बड़ा नुकसान होता है। हाल ही में दिल्ली में हो रही मकानों व झुग्गियों की तोड़फोड़ की कार्रवाई और गरीबों को रोता बिलखता देखने के बाद दिल्ली नगर निगम में मनोनीत निगम पार्षद व नरेला जोन वार्ड समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमित चौहान ने शुक्रवार को नरेला जोन वार्ड समिति की अध्यक्ष बबीता डबास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस मामले को जोर शोर से उठाया और निगम उपायुक्त को चेताते हुए कहा कि निगम उपायुक्त को खुद ही मौके पर जाकर ऐसी कच्ची कॉलोनियों की जांच करनी चाहिए और ऐसे कार्य पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान लागू होने वाला है और ऐसे में फिर प्रशासन कार्य कैसे कर पाएंगा। जोन में कई जगह बड़ी-बड़ी कच्ची कॉलोनियां कट रही है और इन पर रोक लगाई जाए। इससे पहले उन्होंने उपायुक्त की बख्तावरपुर चौक के आसपास हुए अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई को लेकर प्रशंसा की और कहा कि यहां फिर से अतिक्रमण बढ़ गया है और फिर से एक्शन लेने की जरूरत है।

### शौचालयों पर हाई कोर्ट की टिप्पणी स्वच्छ भारत अभियान की असफलता का प्रमाण : यादव

**नई दिल्ली**। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में सार्वजनिक शौचालयों की बदतर हालत पर हाई कोर्ट की मोदी सरकार पर



की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह स्वच्छ भारत अभियान की असफलता का प्रमाण है। यादव ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और इसको अभी तक खुले में शौच मुक्त राज्य घोषित न किया जाना भाजपा और पिछली आम आदमी पार्टी की सरकारों की असफलता है। जबकि नरेन्द्र मोदी का स्वच्छ भारत अभियान दिल्ली में ही फेल है तो पूरे देश में क्या हाल होगा। यादव ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार पिछली सरकार के नक्शे कदम पर चल रही है। मुख्यमंत्री, महापौर और मंत्री जनता को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराने फोटो की राजनीति करने में व्यस्त है। यही कारण है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव में पूर्ण उदासीनता और असंवेदनशीलता पर दिल्ली सरकार, दिल्ली विकास प्राधिकरण और दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली पर गंभीर चिंता जताई और अव्यवस्थाओं के लिए फटकार लगाई है। यादव ने कहा कि सरकारें पिछले 11 वर्षों से स्वच्छ भारत अभियान के तहत जनता से करोड़ो रुपये टैक्स के रुप में वसूले है परंतु राजधानी में शौचालयों की हालत दयनीय है।



## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कस्बा डासना से लापता अब्दुल वाहिद की हत्या प्रेमसंबंधों के कारण की गई थी।



उसकी हत्या उसकी प्रेमिका ने अपने पति के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त पाइप का टुकडा, शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लायी गई वैंगनआर कार व मृतक की टीवीएस मोपेड बरामद की गई है।

### मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** मनी लॉड्रिंग के केस में गिरफ्तारी का डर दिखा कर लाखों रुपए ऐंठे के आरोप में खाता



उपलब्ध कराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-29, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि 26 जून को उसके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया और खुद को क्राइम ब्रॉन्च मुंबई का अधिकारी बताया। कहा कि शिकायतकर्ता का नाम मनी लॉड्रिंग केस में आया है ।

### पिस्टल व कारतूस उपलब्ध कराने वाला धराया

**फरीदाबाद।** सूरज हत्या मामले में क्राईम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने पिस्टल व कारतूस उपलब्ध कराने



वाले को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 17 मई को रात को सूरज उम्र 26 साल की शराब ठेका इस्माइलपुर नजदीक दिल्ली एमसीडी टोल टैक्स के पास गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस पर थाना पल्ला में हत्या व अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा डीएलएफ ने मामले में गौरव निवासी शाहदरा नोयडा उत्तर प्रदेश को पल्ला एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरव ने एक देसी पिस्टल व 5 कारतूस रोहित नागर को 65 हजार रुपए में दिए थे।

### कालाबाजारी : मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद ने बल्लभगढ़ में राशन डिपो पर मारा छापा व 195 क्विंटल गेहूं कम मिला

# 31 क्विंटल बाजरा व 872 लीटर सरसों तेल कम पाया जाने पर डिपो धारक के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 36 गज प्लॉट सेक्टर-3 फरीदाबाद स्थित सियाराम राशन डिपो नंबर 108800400282 के द्वारा सरकारी राशन को पात्र व्यक्तियों को वितरित न करके सरकारी राशन की कालाबाजारी की गई है यदि अचानक डिपो चैक किया जाए तो स्टॉक पाया जाएगा। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम द्वारा मनोज कुमार बल्लभगढ़ व सत्यनारायण खाद्य निरीक्षक से सियाराम के राशन डिपो पर मौजूद सरकारी राशन के स्टॉक को भौतिक निरीक्षण कराने का प्रयास किया गया। सियाराम राशन डिपो होल्डर अपने डिपो पर उपस्थित नहीं मिला। राशन डिपो होल्डर से उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करके अनुरोध किया गया कि राशन डिपो पर पहुंच कर सरकारी राशन के भौतिक स्टॉक का मिलन कराए। काफी अनुरोध के बाद भी राशन डिपो होल्डर सियाराम डिपो पर उपस्थित नहीं आया। करीब ढाई-तीन घंटा इंतजार करने के बाद खाद्य विभाग के उपरोक्त अधिकारियों द्वारा सियाराम के राशन डिपो को सील कर दिया गया तथा सूचना दी गई की 3



जुलाई 2025 को राशन डिपो पर मौजूद स्टॉक का भौतिक निरीक्षण कराए। उपरोक्त नोटिस की पालना में सियाराम राशन डिपो होल्डर द्वारा खाद्य विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया कि उसके राशन डिपो पर मौजूद स्टॉक का भौतिक निरीक्षण किया जाए। जिस पर मनोज कुमार सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी बल्लभगढ़ व अन्य अधिकारियों द्वारा मौजिज व्यक्ति राहुल की मौजूदगी में सियाराम के राशन डिपो की सील खोलते हुए भौतिक निरीक्षण किया गया। भौतिक निरीक्षण पर इस डिपो पर 195 क्विंटल गेहूं, 31 क्विंटल बाजरा 872 लीटर सरसों का तेल रिकॉर्ड अनुसार कम पाया गया।

### नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी आरोपी को पुलिस के हवाले किया

सरकारी राशन स्टॉक से कम पाया जाने पर सत्यनारायण निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की शिकायत पर आरोपी सियाराम राशन डिपो होल्डर के खिलाफ स्थानीय पुलिस थाना सेक्टर 8 में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कराया गया तथा आरोपी सियाराम को भी स्थानीय पुलिस के हवाले किया गया है। स्थानीय पुलिस थाना सेक्टर 8 द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

### समाधान शिविर में जनसंवाद एवं एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित मामलों की मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा समीक्षा

# लंबित जनशिकायतों में संतोषजनक एवं पारदर्शी समाधान लाएं : डीसी सिंह




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों की स्थिति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जिला उपायुक्त अपन-अपने जिलों में समाधान शिविरों, सीएम विंडो, जन-संवाद तथा एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का शीघ्र पारदर्शी व संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभागों के प्रतिनिधि समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा उनकी वर्तमान स्थिति से संबंधित जानकारी समयबद्ध रूप से साझा करें।

**शिकायतों के शीघ्र निस्तारण में ढिलाई किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी: सीएम सैनी**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त विक्रम सिंह ने अधिकारियों की बैठक में समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद और एसएमजीटी पोर्टल की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सप्ताह तक लंबे समय से लंबित शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया तो जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित नायब सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा शिकायतों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण में ढिलाई किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। डीसी ने कहा कि सही तरीके से दर्ज और निस्तारित शिकायतें न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देंगी बल्कि बार-बार एक ही शिकायत के खुलने की समस्या भी कम होगी। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए डीसी ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के गैरहाजिर रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ-कार्य करें तथा इस दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### पोर्टल के माध्यम से शिकायतों की निगरानी की

डीसी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर, सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल के माध्यम से दर्ज शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला स्तर तक मामलों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में केवल कानूनी या प्रशासनिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और व्यवहारिक सोच भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब होता है। यदि प्रशासन नागरिकों को पारदर्शी त्वरित और संतोषजनक समाधान देने में सफल होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है। बैठक में एडीसी सतबीर मान, एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, डीसीपी उषा कुंडू, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गैर कानूनी रूप से मकानों को तोड़ने का मामला

# 13 जुलाई को अनंगपुर में होगी राष्ट्रीय महापंचायत, पूरे देश से नेता करेंगे शिरकत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

अनंगपुर गांव में हो रही तोड़फोड़ को लेकर शुक्रवार को फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा एवं यूपी के अनेक दिग्गज गुर्जर नेता गांव अनंगपुर स्थित कांत एनक्लेव में जयवीर भड़ाना के निवास पर एकत्रित हुए। इस सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़कल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे चौधरी विजय प्रताप सिंह ने की। सभा को संबोधित करते हुए विजय प्रताप सिंह ने कहा कि अनंगपुर गांव 1500 साल से बसा हुआ है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूरज कुंड मेला इस गांव की पहचान है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में सुप्रीम कोर्ट में जो तथ्य पेश किए हैं, वो गलत हैं और बदनियती से पहले बैंक्वेट हॉल व फार्म हाउस और उसके बाद लोगों के घरों को तोड़ा गया।

विजय प्रताप ने कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आश्वासन के बावजूद फिर से गांव में जेसीबी आ जाती है। लोग सोकर भी नहीं उठे थे कि गैर कानूनी रूप से मकान तोड़ दिए जाते हैं। उन्होंने मांग की है कृष्णपाल गुर्जर गांव में आएं लोगो को मुआवजे की घोषणा करें और सुप्रीम कोर्ट में सरकार की तरफ से सही तथ्य रखवाकर ये तोड़फोड़ बंद कराएं, नहीं तो अगले रविवार यानि 13 जुलाई को गांव अनंगपुर में देश की बड़ी पंचायत होगी, जिसमें देशभर से लोग जुटेंगे। इस महापंचायत में कांग्रेस के बड़े नेता भी शिरकत करेंगे। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाली 13 जुलाई को होने वाली महापंचायत अपने आप में नया इतिहास रचेगी। अब आंदोलन नया रूप ले चुका है और हम सरकार की दमनकारी नीतियों से डरने वाले नहीं हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित अन्य प्रदेश से आए विरजेश भाटी, डॉ जतन, विकाश भाटी, आलोक नागर, रोहताश बेदी, विजय खटाना पार्षद सोहना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश पंडित, नेपाल कसाना, दिवाकर बिधूड़ी, विजय प्रताप लोकेश भाटी, तपेंद्र भड़ाना, सतीश भड़ाना, विजयपाल सरपंच, राजकुमार भड़ाना, जयवीर भड़ाना, यूपी से किसान मोर्चा के युवा अध्यक्ष, प्रवक्ता एवं संगठन मंत्री सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरुद्ध केंद्र सरकार की नई पहल 'मानस 1933'

# उपायुक्त की अपील, नशा रोकने के लिए आगे आएं, हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत 2047 अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एक अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन, मानस 1933 की शुरुआत की गई है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 गुणा 7 सक्रिय रहेगा और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी सांझा करने की सुविधा देगा। डीसी ने बताया कि विशेष बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी सांझा कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा। केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की नशीली दवाओं के व्यापार, तस्करी या दुरुपयोग की जानकारी हो, तो वे हेल्पलाइन नंबर 1933 पर तुरंत सूचित करें।

### हरजा-खर्चा भी सामान के मालिकों से वसूलेंगे

# तोड़फोड़ के बाद मौके पर पड़े लोहा गाटर व अन्य सामान हटा लें: ननि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद**

न्यायालय के आदेशों पर फरीदाबाद के गांव अनंगपुर लकड़पुर, मेवला महाराजपुर और अनखीर में पड़ने वाले वन क्षेत्र में पिछले दिनों की गई तोड़फोड़ के बाद अब नगर निगम ने न्यायालय के आदेशों की पालना करते हुए ऐसे सभी लोगों से अपील की है कि वह मौके पर पड़े अपने कीमती सामान लोहा, गाटर अथवा अन्य सीएनडी वेस्ट को स्वयं हटा ले अन्यथा मौके पर पड़े सामान को निगम द्वारा उठा लिया जाएगा, जिसका हरजा खर्चा भी उपरोक्त सामान के मालिकों से लिया जाएगा। जिसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नगर निगम एनआईटी जॉइंट कमिश्नर द्विजा ने जानकारी देते हुए ऐसे सभी लोगों से अपील में कहा है कि उपरोक्त टूटे हुए फार्म हाउस अथवा मकान गार्डन इत्यादि के दौरान जो भी सामान वहां फैला हुआ पड़ा है उसे तुरंत प्रभाव से हटा ले अन्यथा निगम द्वारा इसे हटाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदार स्वयं समान के मालिक होगे और इस कार्य पर होने वाले खर्चा को भी वहन करेंगे।


घटना में कोई हताहत नहीं

# कंपनी गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल की 9 गाड़ियों ने 5 घंटे में पाया काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम**

बोहड़ाकलां क्षेत्र के चैनपुरा में देर रात एक कंपनी के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी जोरदार थी कि उसकी लपटे कई किलोमीटर दूर तक देखी गई। देर रात को सूचना मिलते ही दमकल के अलग-अलग केंद्रों से नौ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया जिन्होंने करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिस वक्त यह घटना हुई उस वक्त क्षेत्र में लाइट नहीं थी, ऐसे में दमकल अधिकारी इस घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ, जबकि गोदाम में रखे सामान के साथ-साथ एक कार और एक बाइक भी जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार, चैनपुरा गांव में चेतना इंटरप्राइजेज नामक कंपनी का स्क्रैप गोदाम बना हुआ है। इस गोदाम में कपड़े की कतरन सहित अन्य स्क्रैप का सामान पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि जिस वक्त में घटना हुई उसे वक्त गोदाम में दो कर्मचारी मौजूद थे जबकि कंपनी का मालिक अपने परिवार के साथ शहर से बाहर तीर्थ यात्रा पर गया हुआ था। आग की लपटें तेज होती देख उन्होंने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल अधिकारी ललित ने बताया कि पटौदी, आईएमटी मानेसर, और सेक्टर 29 से दमकल की दो-दो गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया जबकि भीम नगर, सोहना और फरुखनगर से



### राज्यपाल ने कहा- वेस्ट टू वेल्थ की नीति पर कार्य करते हुए तकनीक से बदलें शहरों की तस्वीर

राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन पर बोले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

# स्वच्छ भारत अभियान में समाज को जन जनजागरण के माध्यम से जोड़ें, शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं

**धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि कचरा प्रबंधन में उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए वेस्ट टू वेल्थ की नीति को अपनाएं। इससे न केवल स्वच्छता अभियान को नई दिशा मिलेगी, बल्कि शहरी स्थानीय निकायों के आर्थिक संसाधनों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राज्यपाल मानेसर, गुरुग्राम में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की, जिससे देशवासियों के मन में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता आई है। प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में समाज को व्यापक जन-जागरण के माध्यम से जोड़ें, ताकि शहरों को और स्वच्छ और सुंदर बनाया जा



सके। जितने अधिक लोग इस अभियान से जुड़ेंगे, उतने ही अधिक हमारे शहर खूबसूरत और स्वस्थ होंगे। स्वच्छ भारत अभियान में स्लम इलाकों पर विशेष ध्यान देते हुए जन भागीदारी की जाए।

**लोकसभा और विधानसभा की तरह नगर निगमों में भी हो हाउस के सेशन:** मनोहर लाल वहीं केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि कैपिसिटी बिल्डिंग में इस तरह के सम्मेलन का अहम योगदान रहता है।

**देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपने शहरों को आगे बढ़ाने का करें कार्य :हरविंद कल्याण**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अनूठी पहल के तहत इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि बिरला की यह सोच है कि संसद और विधानसभाओं की तरह नीचे की सभी स्थानीय संस्थाएं भी प्रभावी रूप से कार्य करें, और इसी दृष्टिकोण से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है।

### नगरों को स्मार्ट ही नहीं, बल्कि समर्थ, समावेशी और सतत बनाएं जनप्रतिनिधि : डिप्टी स्पीकर

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिढा ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि अपने-अपने नगरों को "स्मार्ट' ही नहीं, बल्कि समर्थ, समावेशी और सतत बनाएं-ताकि 'विकसित भारत' का सपना केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक धरातलीय सच्चाई बन सके। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी है जहां शहरी निकाय महज़ सरकारी इकाई न होकर, संवेदनाओं का साझा केंद्र बनें। जहाँ पार्षद केवल जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि मोहल्ले के संरक्षक हों। आयोजन की मेजबानी का अवसर हरियाणा विधान सभा को प्राप्त हुआ है।

**शहरी स्थानीय निकायों में जनभागीदारी को जन आंदोलन बनाना होगा:** कैलाश विजयवर्गीय मध्य प्रदेश के शहरी विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि शहरी स्थानीय निकायों में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और इसे जन आंदोलन का रूप देना होगा। देश में लोकतंत्र की तीन परतें है। लोकसभा, विधानसभा और शहरी स्थानीय निकाय और इन तीनों में शहरी निकाय सबसे जमीनी और प्रभावशाली स्तर है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | नगर निगम, हिसार में वार्ड नं. 11 से 20 के लिए प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | रु. 30,61,44,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36242/I/88/7 दि. 04.07.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी गुरूग्राम | 3.426 एकड़ आवासीय ग्रुप हाउसिंग साइट नं. जीएच-1 सेक्टर-42 गुरूग्राम में आने वाले 03 अदद आरएमयू पैनल की शिफ्टिंग (एक वर्ष के निःशुल्क रखरखाव और त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत)। | खुलने की तिथि 18.07.2025 | रु. 2,22,06,936/- | https://etenders.hry.nic.in | 9999039750 xenggn.elect@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/36264/I/88/7 दि. 04.07.25

# आरजेडी ने कहा- भाजपा को हराना है तो बिहार चुनाव नहीं लड़े एआईएमआईएम

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में सेकुलर वोटों का बिखराव रोकने की दलील के साथ महागठबंधन में शामिल होने के लिए उतावली असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को लालू यादव, तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सीट देने को तैयार नहीं है। राजद प्रवक्ता मनोज झा ने कहा है कि अगर ओवैसी भाजपा को हराना चाहते हैं तो वो बिहार चुनाव न लड़ें। ओवैसी की पार्टी के बिहार अध्यक्ष और इकलौते



विधायक अख्तरुल ईमान कई हफ्ते से खुलकर बयान दे रहे हैं कि इस बार वो राजद, कांग्रेस, लेफ्ट और वीआईपी के महागठबंधन में शामिल होकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। उन्होंने लालू यादव को इसके लिए चिट्ठी भी लिखी थी।

राजद के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने शुक्रवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि ओवैसी का बेस हैदराबाद में है। मनोझ झा ने कहा कि कभी-कभी चुनाव न लड़ना भी मदद करना होता है। अगर वो भाजपा को हराना चाहते हैं तो चुनाव न लड़ें। ये बात ओवैसी जानते हैं और उनके सलाहकार भी जानते हैं। झा ने ओवैसी से कहा कि अगर आपकी मंशा है कि बीजेपी को शिकस्त दी जाए और नफरत की राजनीति को हराया जाए तो बिहार का चुनाव ना लड़ने का फैसला भी वैसा ही फैसला होगा।

## बिहार में महिला कांग्रेस 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेंगी

# सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल गांधी की फोटो जेडीयू बोली- आरजेडी की संगति का असर

बिहार में कांग्रेस 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। जिसके पैकेट पर राहुल गांधी की फोटो छपी है। जिसको लेकर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। भाजपा और जेडीयू ने इसे महिलाओं का अपमान बताया है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि ये आरजेडी की संगति का असर है।

एजेंसी ▶▶ पटना।

बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इस दौरान उन्होने बताया कि राज्य में महिला कांग्रेस की ओर से 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे जाएंगे। जिसके कवर (डिब्बे) पर राहुल गांधी की फोटो लगी हुई है। सेनेटरी पैड के पैकेट पर लिखा है- माई-बहन मान योजना। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस जरूरतमंद महिलाओं को सम्मान राशि- 2500 रुपए महीना।

### जेडीयू ने कहा-राजनीति में वैचारिक दरिद्रता



सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल गांधी की फोटो को लेकर सियासी बवाल भी शुरू हो गया है। एनडीए के सहयोगी दल भाजपा और जेडीयू ने हमला बोला है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सेनेटरी पैड के पैकेट पर राहुल की फोटो को महिलाओं का अपमान बताया है। साथ ही कहा कि बिहार की महिलाएं कांग्रेस और आरजेडी को सबक सिखाएंगी। वहीं जेडीयू के प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार ने कहा कि बेटियां और महिलाएं सम्मान और इज्जत का प्रतीक होती है। आप प्रतीक के रूप में अपना चेहरा लगाते हैं। राजनीति में वैचारिक दरिद्रता जिसे कहते हैं, परिस्थिति की समझ ना होना, ये स्वाभाविक रूप से राजद जैसी पार्टी की संगति का असर है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में कांग्रेस प्रदर्शन करेगी

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने पर विचार हुआ। साथ ही माई बहिन मान योजना के प्रचार पर जोर दिया गया है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में एक बार फिर निर्वाचन कार्यालय के समक्ष कांग्रेस प्रदर्शन करेगी, साथ ही आयोग को ज्ञापन सौंपेगी।

## खबर संक्षेप

### मुंबई आकर सारी हेकड़ी निकाल दूंगा: पप्पू यादव

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों पर हमले को लेकर महाराष्ट्र



नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे को चैलेंज किया है। एक्स पर पोस्ट करते हुए पप्पू यादव ने लिखा कि 'महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों पर राज ठाकरे के लोग हमला कर रहे हैं, मैंने राज ठाकरे को चैलेंज किया है, वो यह गुंडागर्दी बंद करें, अन्यथा मैं मुंबई आकर उनकी सारी हेकड़ी निकाल दूंगा।

### भाजपा पार्षद के घर पकड़ी बिजली चोरी

**लखनऊ।** यहां बसीरतगंज वार्ड के भाजपा पार्षद गिरीश गुप्ता के घर बिजली चोरी पकड़ी गई है। भवन



निर्माण के दौरान सीधे खंभे से कटिया फंसाई गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।उपखंड अधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव और जूनियर इंजीनियर राम आशीष यादव ने बताया कि पार्षद गिरीश गुप्ता के चरस मंडी हाथीखाना स्थित घर की चेकिंग की गई थी। मामले में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने के लिए कहा गया था। चेकिंग टीम की तहरीर पर शशि गुप्ता पत्नी गिरीश गुप्ता के नाम बिजली चोरी का केस दर्ज किया गया है।

## एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए नौकरियों में योगी सरकार का बड़ा फैसला

# उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी

### तलाकशुदा महिलाओं को भी मिलेगा लाभ

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार नेएससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए नौकरियों में बड़ा फैसला किया है। इतना ही नहीं इसका लाभ तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांगों को भी मिलेगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों आउटसोर्सिंग कार्मिकों के श्रम अधिकारों, पारिश्रमिक और सामाजिक सुरक्षा की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने 'उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम ' के गठन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा।

उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है।

### मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक ₹बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स₹ और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा। एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के माध्यम से न्यूनतम तीन वर्षों के लिए किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वर्तमान कार्यरत कार्मिकों की सेवाएं बाधित न हों और चयन प्रक्रिया में उन्हें अनुभव के आधार पर वेटेज मिले।

### हर महीने की 5 तारीख को आए सैलरी

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि सभी आउटसोर्सिंग कार्मिकों का पारिश्रमिक प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सीधे उनके बैंक खाते में भेजा जाए तथा ईपीएफ और ईएसआई की रकम समय से जमा हो। साथ ही ईपीएफ, ईएसआईसी तथा बैंकों से अनुमन्य सभी लाभ भी कर्मचारियों को प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि निगम को रेगुलेटरी बॉडी की भूमिका में रखा जाए जो एजेंसियों की कार्यप्रणाली की निगरानी करे और नियमों के उल्लंघन पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबारमेंट, पेनाल्टी एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करे। प्रस्तावित निगम द्वारा की जाने वाली सभी नियुक्तियों में एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, महिला, दिव्यांगजन और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निराश्रित, तलाकशुदा व परित्यक्ता महिलाओं को भी प्राथमिकता देने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि नियमित पदों के विरुद्ध कोई भी आउटसोर्सिंग सेवा नहीं ली जाए। चयन के बाद कोई भी कार्मिक तब तक सेवा से मुक्त न किया जाए, जब तक संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो।

### नई पारदर्शिता और जवाबदेही का अध्याय जोड़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक कर्मचारी की गरिमा, सुरक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम प्रदेश की प्रशासनिक प्रणाली में एक नई पारदर्शिता और जवाबदेही का अध्याय जोड़ेगा। इससे न केवल राज्य के लाखों आउटसोर्सिंग कर्मियों को लाभ मिलेगा, बल्कि प्रशासनिक दक्षता भी बढ़ेगी।

## मुख्यमंत्री योगी ने तीन दिवसीय आम महोत्सव 2025 का किया शुभारंभ

# 800 प्रजातियों को देखने व चखने का लोगों को मिलेगा मौका



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में तीन दिवसीय ' उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025 ' का शुभारंभ किया। इस महोत्सव में देशभर के बागानों से चुनकर लाए गए 800 से अधिक किस्मों के आमों की प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। महोत्सव का आयोजन अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर-9 में हो रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं।

### किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम

सीएम ने कहा कि आम महोत्सव पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस प्रयास है। आम को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं।

### वैश्विक बाजार में यूपी की धमक

सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली।

## पेज एक का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान...

और एक नेपाल का नागरिक शामिल था। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने पाकिस्तान और पीओके में कुल 9 आतंकी ठिकानों और उनमें मौजूद कुल 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मौत के घाट उतारकर अपना बदला लिया था। 10 मई की शाम 5 बजे से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम लागू हुआ। जो अब तक जारी है।

**पाक तो सिर्फ मोर्चे पर सामने था :** उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सामने मोर्चे पर केवल पाकिस्तान ही मौजूद था। लेकिन पर्दे के पीछे से चीन उसे पूरी मदद प्रदान कर रहा था। बीते पांच वर्षों में पाकिस्तान द्वारा प्रयोग किए जा रहे 81 फीसदी हथियार चीन के हैं। जिसमें किसी को कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। यहां देखने वाली बात ये भी है कि इस अभियान में चीन, पाकिस्तान को दिए गए अपने तमाम हथियारों की मारक क्षमता को परख रहा था। ये जांच-पड़ताल एक लाइव लैब की तरह से जारी थी। इसके अलावा तुर्किए ने भी पाकिस्तान को भी मदद पहुंचाने में बेहद खास भूमिका निभाई है। उसने लगातार पाकिस्तान का साथ दिया है।

### मजबूत एयर डिफेंस ...

देते हुए कहा कि उनके पास आयरन डोम सिस्टम है। जो कि भारत के पास नहीं है या कहें कि उस जैसी लग्जरी हमारे पास नहीं है। हमारा देश एक विशाल देश है और इन सब चीजों में काफी पैसा लगता है। हमें भविष्य के साथ ही उसके लिए तैयार भी रहना पड़ेगा।

### लेफ्टिनेंट जनरल...

अग्रिम मोर्चे पर था, लेकिन चीन ने उसे हर संभव सहायता प्रदान की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी मूल के हैं, और चीन ने इस संघर्ष को अपने हथियारों और रक्षा प्रणालियों की 'लाइव लैब' के रूप में इस्तेमाल किया। इसके अलावा, तुर्की ने भी ड्रोन और अन्य सैन्य सहायता प्रदान कर पाकिस्तान का साथ दिया। जनरल सिंह ने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तब भी चीन पाकिस्तान को भारतीय सैन्य ठिकानों की रीयल-टाइम जानकारी मुहैया करा रहा था। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने यह भी पुष्टि की कि ऑपरेशन सिंदूर को 10 मई को अचानक रोक दिया गया था, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता की भूमिका रही। इस दावे ने उन अटकलों को बल दिया, जो ऑपरेशन के अचानक समाप्त होने के बाद से चल रही थीं।

**... तो हम पाक से नहीं चीन से लड़ रहे थेः जयराम :** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "जनरल सिंह ने सार्वजनिक रूप से वही बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के खत्म होने के बाद से मानी जा रही थी। यह साफ है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे।" जयराम रमेश ने विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का फैसला द्विपक्षीय स्तर पर हुआ था, और भारत ने ट्रंप से किसी मध्यस्थता की मांग नहीं की थी। फिर भी, ट्रंप ने बार-बार दावा किया कि उनकी मध्यस्थता से संघर्ष रुका। कांग्रेस पार्टी ने पिछले पांच वर्षों से भारत-चीन संबंधों पर संसद में व्यापक चर्चा की मांग की है। संदेश साफ है, सरकार ने भले ही विपक्ष की विशेष सत्र की मांग को सुना अनसुना कर दिया हो लेकिन संसद के मॉनसून सत्र में विपक्ष पहले दिन से ही घेराबंदी को तैयार है।

### पीएम कमला बिहार की...

उल्लेख किया और कहा कि प्रधानमंत्री कमला बिसेसर बिहार की बेटी हैं और बिहार राज्य की विरासत भारत के साथ ही दुनिया का भी गौरव है। त्रिनिदाद-टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया। जिसके लिए पीएम ने उनके प्रति आभार जताया और इस सम्मान को भारत के 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित किया। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा 4 जून को जारी किए गए एक बयान से मिली है। बताते चलें कि कैरेबियाई देश टी एंड टी की कुल आबादी लगभग 13 लाख है। जिसमें 45 फीसदी भारतीय मूल के लोग रहते हैं। जिनमें से ज्यादातर बिहार और उत्तर प्रदेश से यहां आकर बसे हैं।

**180 साल बीतल हो, हर दिल में राम गूंजल हो :** पीएम ने भोजपुरी में भगवान राम के प्रति कैरेबियाई देश के लोगों की गहरी आस्था का जिक्र किया। जिसमें उन्होंने कहा, 180 साल बीतल हो, मन न भुलल हो, भजन राम के, हर दिल में गूंजल हो। संग्रे ग्रांडे और डाउ गांव की राम-लीलाएं वास्तव में अद्वितीय मानी जाती हैं। रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों को प्रधानमंत्री ने उनके अर्थ के साथ सुनाया। जिसमें 'राम धामदा पुरी सुहावनि। लोक समस्त बिदित अति पावनि' और 'जन्मभूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि बह सरजू पावनि। जा मज्जन ते बिनहिं प्रयासा। मम समीप नर पावहिं बासा' मुख्य हैं।

**प्रवासियों को देकगे ओसीआई कार्ड :** त्रिनिदाद-टोबैगो में प्रवासी भारतीयों की छठी पीढ़ी को ओसीआई दिए जाएंगे। यहां के लोग हमसे रक्त या उपनाम से नहीं जुड़े हैं। आप अपने पन से जुड़े हैं, भारत आपकी ओर देखता है, आपके स्वागत के साथ आपको गले लगाता है। उन्होंने पीएम कमला, राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू के अलावा स्वर्गीय बासदेव पांडे, प्रख्यात गणितज्ञ रुद्रनाथ कपिलदेव, संगीत आइकन सुंदर पोपो, क्रिकेट के प्रतिभाशाली खिलाड़ी डैरेन गंगा और सेवादास साधु का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, जब मैं 25 साल पहले यहां आया था तो हमने लारा के कवर ड्राइव और पुल शॉट की प्रशंसा की थी। आज सुनहल नरेन और निकोलस पूरन हैं, जो युवाओं के दिल में उत्साह जगाते हैं। तब से अब तक हमारी मित्रता प्रगाढ़ हुई है। बनारस, पटना, कोलकाता, दिल्ली भारत के शहर हैं। लेकिन यहां इनके नामों की सड़कें हैं।

### भाजपा महिला नेता को...

श्रीनिवासन के नाम इस दौड़ में सबसे आगे बताये जा रहे हैं। कुछ महीने पहले ही भाजपा ने दिल्ली में महिला को मुख्यमंत्री पद पर बैठाया है। भाजपा के भीतर चर्चा है कि किसी महिला को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर एक अच्छा संदेश देशभर की महिला मतदाताओं में जाएगा। अगर ऐसा होता है तो संगठनात्मक संतुलन, महिला सशक्तिकरण और आगामी चुनावी रणनीतियों के लिहाज से इसे पार्टी के रणनितिकार अच्छा मान रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी महिला नेतृत्व को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया है। उनका मानना है कि महिला नेतृत्व का प्रतीकात्मक और रणनीतिक दोनों दृष्टिकोण से बड़ा असर होगा। हाल के वर्षों में भाजपा को महिला मतदाताओं से बड़ा समर्थन मिला है, खासकर महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों में। पार्टी की महिला केंद्रित योजनाओं और लाभार्थी वोट बैंक की रणनीति को और मजबूती देने के लिए यह कदम अहम माना जा रहा है। बता दें कि मौजूदा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो चुका था। हालांकि लोकसभा चुनाव-2024 और महाराष्ट्र व दिल्ली राज्यों के विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जून 2024 तक के लिए और जिम्मेदारी सौंप दी थी। उसके बाद भी उनका कार्यकाल आगे सरकता रहा है। अब जल्द ही नए नाम की घोषणा हो सकती है। अगली पार्टी प्रेसिडेंट कोई महिला बन सकती है। इसके लिए तीन नाम सबसे आगे हैं। निर्मला सीतारमण, डी पुरंदेश्वरी और वनाथी श्रीनिवासन में से किसी एक के नाम पर मुहर लग सकती है। ये तीनों नेता दक्षिण भारत से हैं। पार्टी दक्षिण भारत में अपनी मौजूदगी स्थापित करने का प्रयास लंबे समय से कर रही है।

**वित्त मंत्री सीतारमण दौड़ में सबसे आगे :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही है। निर्मला सीतारमण ने हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से पार्टी मुख्यालय में मुलाकात की थी। सूत्रों का मानना है कि निर्मला की संभावित नियुक्ति से पार्टी को एक साथ कई रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में मदद मिल सकती है। अगर निर्मला सीतारमण को इस पद के लिए चुना जाता है, तो भाजपा दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत कर सकती है। इसके साथ ही मोदी सरकार के महिला सशक्तिकरण के संकल्प को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में वित्त मंत्री के रूप में कार्यरत निर्मला सीतारमण ने पहले रक्षा विभाग का जिम्मा संभाला था और पार्टी के संगठनात्मक ढांचे के भीतर उनका लंबा अनुभव है।

**पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश से सांसद :** डी. पुरंदेश्वरी का आंध्र प्रदेश की राजनीति में अहम स्थान है। पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश से सांसद हैं और उन्होंने राज्य में बीजेपी अध्यक्ष का जिम्मा भी संभाला है। पुरंदेश्वरी, सुषमा स्वराज जैसी प्रभावशाली वक्ता मानी जाती हैं। उनका दो प्रमुख राष्ट्रीय दलों में सफल करियर रहा है। दक्षिण भारत में वह पार्टी का बड़ा चेहरा बन सकती हैं।

**वनथी जानी-मानी वकील :** वनथी श्रीनिवासन एक जानी-मानी वकील से राजनेता बनीं हैं, जो वर्तमान में तमिलनाडु विधानसभा में कोयंबटूर साउथ से बीजेपी की विधायक हैं। उनका राजनीतिक सफर 1993 में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के साथ शुरू हुआ और तब से वे पार्टी के संगठन में लगातार आगे बढ़ती गईं। 2022 में उन्हें बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति का सदस्य बनाया गया।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान...

आत्मनिर्भरता और परिवर्तन की अपनी प्रेरक यात्रा का अनुभव साझा किया।

**सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी :** सभा को संबोधित करते हुए चौहान ने महिलाओं की सराहना करते हुए उन्हें "परिवर्तन की वास्तविक निर्मात्री" बताया और ग्रामीण महिलाओं को समर्थन देने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, "अधिकाधिक सशक्तीकरण की दिशा में आपकी यात्रा में सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी रहेगी।" लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाडली बहना योजना जैसी प्रमुख पहलों की सफलता पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तनकारी योजनाएं देश के हर क्षेत्र में महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं।

**छह महिलाओं को प्रमाण पत्र दिए :** केंद्रीय मंत्री ने खुद के लिए आजीविका और दूसरों के लिए रोजगार पैदा करने में सफलता को मान्यता देने के क्रम में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली छह महिलाओं - मनीषा देवी, तजा बेगम, सोनी देवी, परवीना, सामिया जान और शुभीना जान को प्रशंसा प्रमाण पत्र भी वितरित किए। जम्मू-कश्मीर के मंत्री जाविद डार ने चौहान के दौरे के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जम्मू-कश्मीर में ग्रामीण महिलाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। महिला लाभार्थियों ने ग्रामीण विकास विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया, ताकि वे सम्मान और आत्मविश्वास के साथ जीवन-यापन कर सकें।

### नारी शक्ति को बढ़ावा देने ...

है। वहीं, नौसेना ने कहा कि सब-लेफ्टिनेंट पूनिया की नियुक्ति विमानन शाखा में लैंगिग समानता के साथ नारी शक्ति को बढ़ावा देने की बल की प्रतिबद्धता को साफ तौर पर प्रदर्शित करती है। नौसेना पहले ही अपने बहुआयामी विमानों, हेलिकॉप्टरों पर महिला अधिकारियों को बतौर पायलट और नौसैन्य अभियान में तैनात कर चुकी है।

## झारखंड के 3 शहरों में ईडी का छापा

# पूर्व कांग्रेस विधायक और मंत्री के ठिकानों पर हो रही तलाशी

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची, हजारीबाग और बड़कागांव सहित कई जगहों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके करीबियों के घर ईडी ने छापेमारी की है। आरकेटीसी ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से जुड़े मामले में ईडी ने यह ऐक्शन लिया है। ईडी ने अंबा प्रसाद के निजी सहायक संजीव साव, मनोज दांगी, पंचम कुमार के बड़कागांव स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की है।

शुक्रवार को सुबह-सुबह ईडी की कई टीमें झारखंड के तीन



अलग-अलग शहरों में अचानक पहुंची। यहां तीनों शहरों में अलग-अलग जगहों पर टीम के सदस्य छापेमारी कर रहे हैं। मामला आरकेसी ट्रांसपोर्ट कंपनी से जुड़ा हुआ है। लगातार तलाशी अभियान चल रहा है। मामला अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है।


कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेन्द्र साव के ठिकानों पर ईडी छापे पड़ रहे हैं।

# ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से हाईकोर्ट का इनकार

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज


मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी। श्रीकृष्ण



जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था।

साथ ही दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

लाइफ Style



# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।

हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में

**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

टीवी मसाला



# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद-इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।




ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।

# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



## टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

## सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

## फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

## स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का उज्जैन, देवास, सोनकच्छ, आष्टा और सीहोर में हुआ स्वागत

# देश की अखंडता व आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को और मजबूत बनाएं : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरूवार को उज्जैन, देवास, सोनकच्छ, आष्टा और सीहोर में स्वागत समारोह को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उज्जैन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता देश की अखंडता व आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा को और मजबूत बनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योग व रोजगार की नई परंपरा विकसित कर मध्यप्रदेश को नई ऊंचाई पर ले जाकर विकसित बना रहे हैं। खण्डेलवाल ने कहा कि जनसंघ के रूप में प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर संगठन का रूप ले चुकी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन उद्योग व रोजगार की नई परंपरा विकसित कर मप्र को नई ऊंचाई पर ले जाकर विकसित बना रहेः हेमंत



### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर

खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम, प्रतिबद्धता से ही भाजपा को लंबे समय से जनता की सेवा करने का अवसर मिला। भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं को क्षमता और योग्यता के आधार पर दायित्व सौंपता है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनकर विश्व गुरू बनने जा रहा है। देश की अखंडता और आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए कार्यकर्ताओं को मिलकर पार्टी को और मजबूत बनाना है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे उज्जैन, किए बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की है। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश शासन के मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद उमेशनाथ महाराज, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष व विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सांसद अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल, उज्जैन जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ उपस्थित रहे।

### सत्ता और संगठन में संतुलन बनाकर जनहितैषी कार्यों से जनता को लाभ दिलाएंगे



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि मैं जब पार्टी अध्यक्ष बना तब मेरे मन में था कि अपने काम की शुरुआत मैं बाबा महाकाल के चरणों में प्रणाम करते हुए शुरू करूं। जब भगवान महाकाल के दर्शन करने आऊंगा तो उनके भक्तों के बीच नहीं आऊंगा तो यह यात्रा अधूरी रह जाती। बाबा महाकाल की कृपा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता के माध्यम से जनता की सेवा कर रही है। प्रधानमंत्री ने देश के विकास को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में उद्योग से लेकर रोजगार की एक नई परंपरा विकसित कर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। यह सब भगवान महाकाल और जनता के आशीर्वाद से संभव हुआ है। मैं और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सत्ता और संगठन में संतुलन बनाकर डबल इंजन सरकार के जनहितैषी कार्यों से जनता को लाभ दिलाकर प्रदेश को विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनायेंगे।

### भारत के अधिकांश भू-भाग में हमारी पार्टी जनता की सेवा कर रही हैः हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि जनसंघ के समय जब हमारी पार्टी के दो सांसद थे, तब संसद में जवाहरलाल नेहरू ने संसद में हमारी पार्टी के संख्या बल को लेकर परिहास किया था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि राष्ट्रवादी विचारों के साथ कार्य करने वाली हमारी पार्टी कांग्रेस की मानसिंकता को कुचल डालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत और परिश्रम से भारत के अधिकांश भू-भाग में हमारी पार्टी जनता की सेवा कर रही है। कार्यकर्ताओं ने त्याग, सेवा और समर्पण से आज श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के कहे हुए शब्दों को चरितार्थ करते हुए कांग्रेस की मानसिकता को ही समाप्त करने में लगे हैं और उस मानसिकता को समाप्त करके रहेंगे।

---

## भाजपा महिला मोर्चा की ओर से हुआ 'मॉक पार्लियामेंट' में डॉ. यादव ने दिए छात्राओं के सवालों के जवाब

# यौन प्रताड़ना जैसे मुद्दों पर क्यों नहीं होती चर्चा ?ः छात्रा
# मप्र पहला राज्य, जिसने किया फांसी का प्रावधानः सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजधानी में आयोजित 'मॉक पार्लियामेंट' कार्यक्रम में विपक्ष की भूमिका निभाते हुए एक छात्रा छाया बिलगैंया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लीक से अलग हटकर सवाल पूछ लिया। उन्होंने कहा कि सरकार विकसित भारत या आपातकाल जैसे मुद्दे तो चुनती है, लेकिन यौन प्रताड़ना जैसे जरूरी मुद्दों पर कभी चर्चा क्यों नहीं कराई जाती? छाया ने कहा कि बहुत सारी बातें दबा दी जाती हैं और यौन प्रताड़ना जैसे मामलों में लोगों को सजा भी नहीं मिल रही।

उन्होंने कहा कि इस पर भी 'मॉक पार्लियामेंट' में डिबेट होनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जवाब दिया और कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसने ऐसे मामलों में फांसी का प्रावधान किया। हमारी सरकार ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा कि भोपाल में ही एक घटना में हमारी पुलिस ने बहुत तेजी से काम किया और आरोपी को फांसी की सजा दिलवाई।

### मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार अपराधियों को किसी भी हाल में नहीं बख्शेगी

» सिर्फ विकसित भारत या आपातकाल जैसे मुद्दे क्यों चुनती है सरकार?

» भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने भी किया संबोधित





### कांग्रेस पार्टी को नहीं मिला एक भारतीय नाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह ऐसी गरीब पार्टी जिसको कोई भारतीय नाम ही नहीं मिला। उन्होंने सवाल किया कि आपके भाई बहन पैदा होते तो आप क्या अमेरिका, इंग्लैंड के बच्चों की तरह नाम रखते हो? उनके नाम रख रहे हो तो वहां जाकर चुनाव लड़ो। वहां जाकर काम करो। डॉ. यादव ने कहा कि ये ऐसे लोग हैं कि सांप मर गया फिर भी लाठी पीट रहे हैं। कांग्रेस अंग्रेजों ने बनाई थी, अंग्रेज चले गए, लेकिन ये अब तक इस पार्टी को चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ करो या न करो लेकिन पार्टी का नाम ही बदल लो। भारत में रहना है, मोदी के सामने खड़ा होना है तो कुछ भारतीयता तो लाओ।

### भाजपा सरकार ने दिया बहनों को सम्मानः मुख्यमंत्री



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमार भारतीय संस्कृति में महिलाओं को हमेशा सम्मान मिला है। हमारी सरकार भी इसी भावना को ध्यान में रख कर काम कर रही है। हमने महिलाओं को प्रशासन के बड़े-बड़े पदों पर नियुक्त किया है। इस बीच मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि कोई बात सकता है कि प्रदेश का कौन सा ऐसा जिला है, जहां पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर दोनों महिलाएं हैं? छात्राओं ने जवाब में नरसिंहपुर बताया। डॉ. यादव ने उनके जवाब को सही बताते हुए कहा कि शहडोल संभाग में तो संभागायुक्त भी महिला हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा पदाधिकारी नेहा बग्गा, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारती पवार, मंत्री कृष्णा गौर, मेयर मालती राय, भिंड सांसद संध्या राय भी मौजूद थे।*

### आज संविधान हाथ में लेकर दुहाई दे रहे इंदिरा गांधी के परिवार के लोग : शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र को कुचला, तो राहुल गांधी देश की संसद द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रतियां सार्वजनिक रूप से फाड़ते हैं। आज उन्हीं इंदिरा गांधी के परिवार के लोग संविधान हाथ में लेकर उसकी दुहाई दे रहे हैं। कांग्रेस का इतिहास रहा है कि उस पार्टी के लोग कभी कानून का पालन नहीं करते। कांग्रेस ने हमेशा झूठ और छल, कपट की राजनीति की है।

### महिलाओं को सम्मान देने वाला समाज आगे बढ़ाः खंडेलवाल



नवनिर्वाचित प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि दुनिया में जिस समाज ने महिलाओं को सम्मान दिया, वह समाज आगे बढ़ा। हर वह देश अमेरिका हो या यूरोप, ये देश, दुनिया में इसलिए चमकते हैं, क्योंकि सबसे ज्यादा महिलाओं का सम्मान यहां पर है। उन्होंने कहा कि स्वीडन, नार्वे, साउथ अफ्रीका, आस्ट्रेलिया जैसे देशों की बात करें तो यहां महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण नही हैं फिर भी यहां महिलाएं संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने महिलाओं का ख्याल रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

### टीशर्ट को लेकर साधा राहुल पर निशाना



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सवाल किया कि संसद में हमारे भाई- बहनों का शुभ वस्त्र क्या है? एक छात्रा ने जवाब दिया कि कुर्ता-पजामा और साड़ी। डॉ. यादव ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि ये भैया तो टीशर्ट में ही घूमता रहता है। क्या बोलते हैं खुद को ही मालूम नहीं। किसको बोलते हैं ये भी नहीं मालूम।

---

## देशभर के शहरी स्थानीय निकायों के सम्मेलन

# नशे में अंधाधुंध चलाई कार दो लोगों की मौत, 3 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आईटीआई चौक से बुधवारा चौक जाने वाली मुख्य सड़क पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक नशे में था, उसने तेज रफ्तार व लापरवाही से गाड़ी चलाई।

पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसा गुरुवार रात को हुआ। नशे में धुत कार चालक राहुल यादव ने पहले आईटीआई चौक से कुछ आगे एक स्कूटी और बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद, उसने नियंत्रण खो दिया और एक साइकिल सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया। फिर भी उसकी कार की रफ्तार कम नहीं हुई और उसने विपरीत दिशा से आ रही एक और बाइक को टक्कर मारी, जिसे वह करीब 100-150 मीटर तक घसीटता रहा। हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने कार चालक राहुल यादव की जमकर पिटाई की। जिसे पुलिस ने बड़ी मशक्कत से भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में लिया। दुर्घटना में घायल हुए 5 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिनमें से दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, हादसे में पथरीपारा निवासी 75 वर्षीय मोहम्मद इसराइल और आईटीआई निवासी 21 वर्षीय छोटे लाल साहनी की मौत हो गई है। वहीं, तीन लोग घायल है, जिनका इलाज जारी है।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए तेल, चीनी और नमक कम करना होगाः अनुप्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री व अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने स्वस्थ भारत को ही समृद्ध और विकसित भारत की नींव बताते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए हमें तेल, चीनी और नमक थोड़ा कम करना होगा, साथ ही तेजी से बढ़ते मोटापे की समस्या को भी ध्यान में रखना होगा। एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पटेल ने अनुमान जताया कि 2050 तक देश के 44 करोड़ लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वहीं वर्तमान में देश की 24 फीसदी महिलाएं व 23 फीसदी पुरुष मोटापे से ग्रस्त हैं।

---

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

# पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले को पति ने पीटा, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिए का हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक युवक की सार्वजनिक रूप से पिटाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि पिटाई करने वाला व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा रहा था।

यह घटना लगातर एक घंटे तक चली, जिसमें मारपीट के साथ-साथ जेब से सामान निकालने की कोशिश भी की गई। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि भारी बारिश के बीच यह ड्रामा चलता रहा और कुछ लोग इसे मोबाइल में रिकॉर्ड करते रहे। बीच-बचाव की कोशिश करने वालों की संख्या भी सीमित थी। वीडियो में मारपीट करने वाला और मार खाने वाला दोनों



अटल आवास के निवासी बताए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो के साथ दावा किया गया कि अटल आवास में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ रहा है और मारपीट, लूटपाट, चोरी जैसी घटनाएं आम हो गई हैं।

### पहले ही हो चुकीं घटनाएं

*स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अटल आवास में मारपीट, चोरी और हत्या जैसी वारदातें हो चुकी हैं। निवासी भय के साये में जीने को मजबूर हैं और पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है।*

## एफडी कराने दी गई राशि अपने खाते में डाली

# बुजुर्ग महिला के साथ आरोपी ने की ठगी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक बुजुर्ग महिला को पंजाब नेशनल बैंक मेट लाइफ बीमा पॉलिसी के नाम पर एक शख्स ने दो लाख की ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली थाना में रिपोर्ट लिखाते हुए बुजुर्ग महिला ने बताया कि उन्होंने सिलाई-बुनाई करके कुछ रुपए जुटाए थे। महिला ने बताया कि वह उन रुपयों को जून 2020 में पंजाब नेशनल बैंक के अपने खाते में जमा करने गई थी।

तब वहां पर पीएनबी मेट लाइफ के मैनेजर निकेश कुमार पांडेय ने महिला को बताया कि मेट लाइफ कंपनी में 2-5 वर्ष के लिए एकमुस्त रकम जमा करने से अधिक ब्याज मिलता है। महिला ने बताया कि वह निकेश की बातों में आ गई।

### 5 साल बाद ठगी की घटना का पता चला

महिला ने बताया कि 5 साल पूर्ण होने के बाद 12 जून को गोह शमसीर के साथ पंजाब नेशनल बैंक गई थी। जहां बैंक अधिकारी ने पॉलिसी नंबर को चेक कर बताया कि इस पॉलिसी नंबर में रुकमणी देवी अग्रवाल के नाम पर कोई बीमा पॉलिसी जारी नहीं हुआ है। यह पॉलिसी बॉन्ड पेपर पूरी तरह से फर्जी तैयार किया गया है।

### संपर्क नहीं होने पर कराई शिकायत दर्ज

*महिला ने बताया की ठगी का शिकार होने के बाद उसने निकेश कुमार पांडे को फोन किया और पैसे की मांग की। जिसके बाद निकेश ने अपना फोन बंद कर दिया। पीड़ित महिला ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट करते हुए बताया कि निकेश कुमार पांडे ने पीएनबी मेट लाइफ बीमा पॉलिसी में जमा करने के लिये दिए गए चेक राशि 2 लाख को पीएनबी मेट लाइफ बीमा पालिसी में जमा न कर अपने स्वयं के खाता में जमा कर उसके साथ धोखाधड़ी की है।*

---

## लतलोता में हसदेव नदी में बड़ा हादसा टला

अन्य दोस्तों ने किसी तरह तैरकर बचाई अपनी जान

# मछली पकड़ने गए 3 दोस्त अचानक बढ़ गया जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के ग्राम लतलोता में हसदेव नदी में मछली पकड़ने गए तीन दोस्तों के साथ हादसा हो गया।



रवीन्द्र यादव और उसके दो दोस्त एक नाव में सवार होकर मछली पकड़ रहे थे, तभी भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। दो दोस्त किसी तरह तैरकर कुछ किलोमीटर दूर सुरक्षित निकल आए, लेकिन रवीन्द्र यादव के बह जाने की आशंका थी। परिजनों को नदी किनारे रवीन्द्र की बाइक मिली, लेकिन नाव और रवीन्द्र का पता नहीं चला।

बाद में रवीन्द्र भी तैरकर सुरक्षित गांव पहुंच गया और उसने ग्रामीणों को अपनी आपबीती सुनाई। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

### फसल देखने गया किसान बाढ़ में फंसा

*एक अन्य घटना में उरगा थाना क्षेत्र के भिलाई खुर्द (वार्ड नंबर 10) निवासी 51 वर्षीय दुर्गा सिंह देर शाम हसदेव नदी के किनारे अपनी फसल देखने गए थे। अचानक जलस्तर बढ़ने से वह फंस गए और जान बचाने पेड़ पर चढ़ गए। पुलिस और जिला प्रशासन की `स्क्यू टीम मौके पर पहुंची कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि रेस्क्यू टीम ने दुर्गा सिंह को सुरक्षित निकाल लिया।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मैकेन फूड्स के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

# प्रदेश में 3800 करोड़ के निवेश से फ्रोजन आलू उत्पाद इकाई लगाने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योग और रोजगार वर्ष : 2025 औद्योगिक विकास की तीव्र संभावनाओं को साकार करने का वर्ष है।

राज्य सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। निवेशकों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होने गुरूवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के रीजनल प्रेसिडेंट पियरे डैनेट एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा कर की।

### औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगीः सीएम




### प्रथम चरण में 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा

*मैकेन फूड्स के पियरे डैनेट ने बताया कि मध्यप्रदेश में किसानों को कांट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से स्थायी बाजार बेहतर मूल्य और उन्नत कृषि तकनीक का लाभ दिलवाने के लिए 3800 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। प्रथम चरण में 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और इस निवेश के फलस्वरूप 6300 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। उन्होने कहा कि वैश्विक कंपनी मैकेन फूड्स भारत में मुख्य रूप से फ्रोजन आलू उत्पादों जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और स्नैक आइटम बनाती है। कनाडा में स्थापित यह कंपनी भारत में वर्ष 2007 से खाद्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में गुजरात के मेहसाणा में कंपनी किसानों से आलू खरीद कर अत्याधुनिक उत्पादन इकाई के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद निर्मित कर रही है।*

## चिंतन

# पाकिस्तानी कंधे पर थी चीनी व तुर्किये बंदूक

अपनी रक्षा तैयारियों में अब भारत को खास ध्यान रखना होगा कि कोई भी सैन्य संघर्ष केवल उसी देश से नहीं होगा, बल्कि इसमें दूसरे भी शामिल हो सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त देखा गया कि पाकिस्तान को चीन खुलकर मदद कर रहा था। वह इस सैन्य संघर्ष में अपने हथियारों की टेस्टिंग कर रहा था। चीन के अलावा तुर्किये भी पाकिस्तान को ड्रोन व अन्य हथियार मुहैया करा रहा था। कूटनीतिक हलके में यह बात पहले से ही कही जा रहा थी, अब सेना ने भी इस नजरिये पर मुहर लगा दी है। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह के मुताबिक, चीन ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए चार दिवसीय सशस्त्र संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक 'प्रयोगशाला' की तरह इस्तेमाल किया और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की प्राचीन सैन्य रणनीति के अनुरूप, इस्लामाबाद को हरसंभव सहायता प्रदान की। पाकिस्तान जहां सिर्फ सामने का चेहरा था, वहीं चीन अपने सदाबहार मित्र को हरसंभव सहायता दे रहा था, और तुर्किये भी इस्लामाबाद को सैन्य साजोसामान की आपूर्ति करके प्रमुख भूमिका निभा रहा था। संघर्ष के दौरान भारत वास्तव में कम से कम तीन शत्रुओं से निपट रहा था। चीन भारतीय सैन्य एक्शनों की लाइव जानकारी पाकिस्तान को दे रहा था। चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था, क्योंकि पाकिस्तानी सेना को डीजीएमओ (सैन्य अभियान महानिदेशक) स्तर की फोन वार्ता के दौरान इसके बारे में सीधी जानकारी मिल रही थी। चीन की 36 चालों की प्राचीन सैन्य रणनीति रही है और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की नीति पुरानी है। बीजिंग ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान को हरसंभव समर्थन दिया। 'दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर' दुश्मन को मारने का मतलब है कि दुश्मन को पराजित करने के लिए, सीधे शामिल हुए बिना, किसी तीसरे पक्ष का इस्तेमाल करना। कहने का तात्पर्य कि चीन ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। जैसे यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग में अमेरिका व रूस के यूरोपीय शत्रु ने यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर मास्को को मात देने की कोशिश कर रहे हैं। इस्लामाबाद को बीजिंग का समर्थन आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें, तो पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का 81 प्रतिशत सैन्य साजोसामान चीन से आ रहा है। चीन उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है। पाकिस्तान के साथ इस सैन्य संघर्ष से भारत को सबक सीखने की जरूरत है कि भारत का मुकाबला पाक के अलावा चीन व तुर्किये से भी होगा। भारत के लिए अगला महत्वपूर्ण सबक सी4आईएसआर (कमांड, कंट्रोल, कम्यूनिकेशन, कंप्यूटर, इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रीकानिसन्स) और नागरिक-सैन्य संलयन का महत्व है। अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अब तक यह साफ हो चुका है कि भारत की आक्रामक ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई के चलते पाकिस्तान को लड़ाई समाप्त करने की गुहार लगाने पर मजबूर होना पड़ा था। इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, जैसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था। हमें अब सैन्य व कूटनीतिक रूप से अधिक चौकस रहने की जरूरत है और अपनी सैन्य तैयारियों को अलर्ट मोड पर रखने की आवश्यकता है।



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

# डॉ. मुखर्जी लाए थे शिक्षा क्षेत्र में सुधार

> डॉ. श्यामा प्रसाद ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अनेक मौलिक सुधार किए| उस समय देश अंग्रेजी दासता के अधीन था। उन्होंने शिक्षा को स्वाभिमान के साथ जोड़ा। कलकत्ता विश्वविद्यालय में अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक चिन्ह को बदलकर पूर्ण खिलते कमल के मध्य "श्री" लिखवाया, जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। तब दीक्षांत समारोह अंग्रेजी में होते थे। 1937 के दीक्षांत समारोह में उन्होंने गुरुवर रवींद्रनाथ ठाकुर को बुलाया। रवींद्रनाथ ठाकुर ने नई परंपरा प्रारंभ करते हुए अपना भाषण बांग्ला भाषा में दिया। महिला शिक्षा में वृद्धि, भारतीय विद्वानों को अवसर, भारतीय संस्कृति का समावेश, शिक्षा क्षेत्र में उनके द्वारा की गई पहल है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को सर आशुतोष मुखर्जी एवं जोगमाया देवी के परिवार में कलकत्ता में हुआ था। डॉ. श्यामा प्रसाद अपने माता-पिता की सात संतानों में से दूसरी संतान थे। डॉ. मुखर्जी कुशाग्र बुद्धि एवं प्रखर विद्वान थे। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने एवं कुलपति के दायित्व का दो बार निर्वहन किया। कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अनेक मौलिक सुधार किए। उस समय देश अंग्रेजी दासता के अधीन था।

उन्होंने शिक्षा को स्वाभिमान के साथ जोड़ा। कलकत्ता विश्वविद्यालय में अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक चिन्ह को बदलकर पूर्ण खिलते कमल के मध्य "श्री" लिखवाया, जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उस समय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह अंग्रेजी भाषा में होते थे। 1937 के दीक्षांत समारोह में उन्होंने गुरुवर रवींद्रनाथ ठाकुर को बुलाया। रवींद्रनाथ ठाकुर ने नई परंपरा प्रारंभ करते हुए अपना भाषण बांग्ला भाषा में दिया। महिला शिक्षा में वृद्धि, भारतीय विद्वानों को अवसर, भारतीय संस्कृति का समावेश, शिक्षा क्षेत्र में उनके द्वारा की गई पहल है। 1929 कलकत्ता विश्वविद्यालय चुनाव क्षेत्र से वह बंगाल विधान परिषद में गए। बंगाल में मुस्लिम लीग एवं कृषक प्रजा पार्टी की गठबंधन सरकार द्वारा हिंदू समाज के उत्पीड़न के विरोध के लिए उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश किया था। हिंदू समाज के संरक्षण का यह कार्य वह अपने मृत्यु पर्यंत करते रहे। बाद में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिंदू महासभा से जुड़े एवं उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. सुहरावर्दी भाषा के नाम पर संयुक्त बंगाल का नारा दे रहे थे। उनकी योजना थी कि बंगाल का विभाजन नहीं होगा एवं संपूर्ण बंगाल पाकिस्तान के साथ चला जाएगा। अज्ञानतावश कुछ कांग्रेस नेता भी इसका समर्थन कर रहे थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस षड्यंत्र को समझा एवं उद्घोष किया कि "न तो हम पाकिस्तान में रहेंगे, न संयुक्त बंगाल में। हम भारत का हिस्सा हैं और भारत के ही साथ रहेंगे।" इसके लिए उन्होंने तीव्र आन्दोलन खड़ा किया। कांग्रेस के नेताओं एवं लार्ड माउंटबेटन को पत्र एवं संवाद के द्वारा यह समझाने में सफलता प्राप्त की कि यदि पंजाब विभाजन संभव है तो बंगाल क्यों नहीं।

आज हम गर्व के साथ यह अनुभव कर सकते हैं कि यदि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो बंगाल भारत में नहीं होता। इस संकट की अनुभूति हमको इससे और अधिक तब हो सकती है जब हम आज बांग्लादेश में होने वाली घटनाओं के साथ इसकी तुलना करें। जहां न तो हिंदू सुरक्षित है और न ही उनकी आराध्य मां काली और उनका मंदिर। बांग्लादेश को उसका राष्ट्रगीत देने वाले गुरुवर रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रतिमा भी तोड़ी जा रही है। जो अपने पितृपुरुष बंगबंधु मुजीबुर रहमान को ही स्वीकार नहीं कर रहे, वह हिंदू समाज को कैसे करेंगे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी दूर दृष्टि से इसे पहचाना था। आज यदि बंगाल हमारे पास न होता तब भारत का उत्तर पूर्व का भाग भी हमारे साथ नहीं होता है। आज भारत को जोड़ने वाले चिकन नेक के सामरिक महत्व को हम सभी समझ रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से बंगाल की खाड़ी का महत्व कलकत्ता के साथ जोड़कर ही देखा जा सकता है। जिस खतरे का डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अनुमान कर अपनी दूर दृष्टि से बंगाल को भारत के साथ रख कर दिया। आज वह संकट बंगाल में हम सभी के सम्मुख खड़ा दिखाई दे रहा है।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रधानमंत्री नेहरू सरकार में उद्योग मंत्री थे। भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं का मतान्तरण, अत्याचार एवं भारत में आए शरणार्थी हिंदुओं की उपेक्षा के कारण वह बहुत दुखी थे। समस्या के समाधान के लिए नेहरु लियाकत समझौता भी पक्षपात पूर्ण होने के कारण उन्होंने हिंदुओं के प्रति नेहरू सरकार के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण अपना त्यागपत्र दे दिया और कलकत्ता आकर शरणार्थी हिंदू समाज की सेवा में जुड़ गए।

उद्योग मंत्री रहते हुए 1948 में भारतीय उद्योग नीति का निर्माण किया। औद्योगिक वित्त की व्यवस्था करते हुए उन्होंने इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया की भी 1948 में स्थापना की। आत्मनिर्भरता के मंत्र से युक्त औद्योगिक नीति उन्होंने दी। चार क्षेत्र रक्षा, परमाणु ऊर्जा, रेलवे एवं वायुसेवा उनके फोकस क्षेत्र थे। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट फैक्ट्री (एचएएल) सिन्दरी फर्टिलाइजर्स प्लांट धनबाद, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध, भिलाई स्टील प्लांट उनके द्वारा स्थापित प्रसिद्ध उद्योग हैं, जो देश के विकास में आज भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल राजनेता नहीं समाज के प्रति संवेदनशील एवं सेवाभावी नेता थे। 1943 में बंगाल में भीषणतम अकाल आया। इस अकाल में लगभग 30 लाख लोगों के मरने का अनुमान था। यह अकाल केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, ब्रिटिश शासन की विफलताओं के कारण आया था। प्रशासन भी अन्न राहत देने के स्थान पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहा था एवं सामान्य जनता को भगवान भरोसे ही छोड़ दिया था। उन्होंने इस समय ब्रिटिश सरकार एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री की असफल नीतियों का प्रचंड विरोध किया। स्वयं समाज से सहायता सामग्री एकत्रित कर सेवा एवं राहत कार्यों का नेतृत्व किया। अकाल पीड़ितों की सेवा में इतने मग्न हो गए थे कि अपनी पुत्री के विवाह के समय पिता द्वारा होने वाले रस्म "संप्रदान" के समय भी उपस्थित नहीं रह पाए। स्वतंत्रता के पश्चात देश को राष्ट्रवादी नीतियों, लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की।

स्थापना के समय उन्होंने कहा कि "हमें कांग्रेस के राष्ट्रवादी विकल्प की जरूरत है।" प्रथम संसद में उन्होंने नेहरु जी के तानाशाही पूर्ण मनोवृति का विरोध करने के लिए संयुक्त गठबंधन बनाया था। वह नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी)कहलाता था, जिसमें 34 सांसद लोकसभा एवं 20 सांसद राज्यसभा के थे, तब नेहरू जी ने कहा था 'मैं जनसंघ को कुचल दूंगा।" इस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दृढ़ता से उत्तर दिया, "मैं इस कुचलने वाली मानसिकता को ही कुचल दूँगा।' यह उनकी लोकतंत्र में आस्था एवं साहस का परिचायक है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाबोधि सोसाइटी के 1942 से 1953 तक अध्यक्ष रहे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 1952 में सारिपुत्र एवं महामोगलन की अस्थियों के पवित्र भाग को सांची में स्थापित कराने वाले वह प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने बौद्ध धर्म के लिए म्यांमार (बर्मा), वियतनाम और थाईलैंड की यात्रा की । धारा 370 की समाप्ति एवं एक देश के अंदर "दो निशान, दो प्रधान, दो विधान" नहीं चलेंगे का उद्घोष करने वाले राष्ट्रीय एकता के वे अखंड पुजारी थे। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए 23 जून 1953 को अपना बलिदान देकर वह हमारे मध्य से चले गए। आज राष्ट्र उनके संकल्प की पूर्ति कर उनके जन्म दिवस पर उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है ।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सहकारिता दिवस
विवेक शुक्ला



# सहकारी समितियां बदल रहीं महिलाओं की जिंदगी

हाल ही में राजधानी के दिल्ली हाट में एक कश्मीरी महिला व्यवसायी खदीजा भट्ट बता रही थीं कि वे सारे भारत में कश्मीरी हस्तशिल्प और दूसरा सामान बेचकर बेहतर जिंदगी गुजार रही हैं। यह इसलिए संभव हो रहा क्योंकि वे एक सहकारी संगठन के तहत काम करती हैं। भारत में सहकारिता आंदोलन से लाखों महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। यह आंदोलन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, और सूक्ष्म वित्त में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। सहकारी समितियों ने महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। उदाहरण के लिए, अमूल जैसी दुग्ध सहकारी समितियों में लाखों महिलाएं दूध उत्पादन और वितरण से जुड़ी हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। फिलहाल देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हैं। 20% कृषि ऋण, 35% उर्वरक वितरण और 31% चीनी उत्पादन अब सहकारी संगठनों द्वारा संभाला जाता है। इसके अलावा, डेयरी सहकारी समितियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5% का योगदान देती हैं। अनुमान है कि 2030 तक सहकारी क्षेत्र 11 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष और स्व-रोजगार दोनों शामिल हैं। दरअसल केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से विकास का यह मॉडल न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में सफल हो रहा है। कुछ साल पहले तक ग्रामीण भारत में सबसे बड़ी समस्या यह थी कि छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था और उसका बड़ा हिस्सा बिचौलियों को देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल रही है। आज, दिल्ली से दूर राज्यों में रहने वाली आदिवासी महिलाएं भी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने घरेलू खर्च आसानी से चला सकती हैं। वे पोल्ट्री, डेयरी और कृषि के जरिए सालाना 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रही हैं। सहकारी समितियों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आसान शर्तों पर कर्ज मिल रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा रही हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बना रही हैं। पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरुकता की कमी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जैसे सहकारी समितियों में ऑडिट और जवाबदेही अनिवार्य करना।

दरअसल देश के सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने की शुरुआत नरेंद्र मोदी ने तब कर दी थी जब उन्होंने ग्रामीण विकास में सहकारिता के महत्व को समझते हुए इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। फिर अपने सबसे भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसका मंत्री नियुक्त किया। जानकार जानते हैं कि 2014 से पहले सहकारी संगठनों से लोग निराश थे। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी थीं। उनके कामकाज में पारदर्शिता की कमी थी, लेकिन इस मंत्रालय ने अब एक सुसंगत, आधुनिक और डेटा-आधारित सहकारी संगठन का मॉडल स्थापित किया है। जम्मू-कश्मीर में सहकारी आंदोलन का विस्तार, खासकर 2014 के बाद, विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, इस क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सहकारिता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सेब, केसर और अखरोट जैसे स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों ने किसानों को बेहतर बाजार, भंडारण सुविधाएं और उचित कीमतें दिलाने में मदद की है। अमित शाह ने सहकारी सम्मेलनों में जोर दिया है कि कश्मीर जैसे क्षेत्रों में सहकारिता छोटे किसानों और कारीगरों को सशक्त बनाने का एक प्रभावी तरीका है। इससे न केवल आर्थिक विकास हुआ है, बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत हुई है। सहकारिता ने सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डाला है। महिलाएं सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाएं निभा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। ये समितियां सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देती हैं, जिससे महिलाएं सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी आवाज उठा रही हैं। यह जानना जरूरी है कि यदि ग्रामीण भारत का विकास करना है, तो सहकारी आंदोलन को और मजबूत करना होगा। हां, इस क्षेत्र में जो अब तक कमियां रही हैं उन्हें भी जड़ से खत्म करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित
दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादी नहीं, ठगी का धंधा

भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है, जहां दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है : 'अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी।'

– **मनसुख लाल चंदेल**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# कच्चातिवु द्वीप सौंपने का इरादा नहीं: श्रीलंका

श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि उनके देश का कच्चातिवु द्वीप छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। हेराथ ने बातचीत में कहा, ''इस मुद्दे को सुलझाने के लिए हमारे राजनयिक माध्यम हैं लेकिन यह तय है कि श्रीलंका कभी भी कच्चातिवु को छोड़ने के लिए सहमत नहीं होगा।'' श्रीलंका के विदेश मंत्री ने यह बात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों को लगातार गिरफ्तार किए जाने की घटनाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में कही। भारत और श्रीलंका के मछुआरे एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश कर जाते है और वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 जून को कहा था कि श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने का मुद्दा 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान हुए एक समझौते से उपजा है, जिसके तहत कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में मछली पकड़ने के अधिकारों को छोड़ दिया गया था। हेराथ ने इस मुद्दे को यह कहते हुए टाल दिया कि कच्चातिवु मुद्दे पर ''बयानबाजी'' केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बीच ''राजनीतिक वाद-विवाद'' है। हेराथ ने भारतीय मछुआरों पर कच्चातिवु के निकट मछली पकड़ने के लिए श्रीलंका की समुद्री सीमा में घुसने का आरोप लगाया।




## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है। मस्तिष्क के कामकाज और व्यक्ति के मिजाज के नियमन में न्यूरोट्रांस्मीटर की अहम भूमिका होती है।




## ट्रेंड

### प्रतिमा का अनावरण



श्रीमंत बाजीराव पेशवा ने हिन्दवी स्वराज के वैभव को और भी व्यापक बनाकर जन-जन तक सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश पहुँचाया। आज खडकवासला में उनकी प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।
- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आत्मीय संवाद



श्रीनगर में लखपति दीदियों से आत्मीय संवाद हुआ। मैं अपनी बहनों के बीच मंत्री नहीं, भाई के रूप में जाता हूं। आज भी बहनों ने अपने भाई को अपने बीच पाकर खूब गपशप की। वादा है कि आपके जीवन में कोई परेशानी नहीं रहने देंगे।
- **शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री**

### एक-दूसरे का सम्मान करें



स्वामी विवेकानंद जिस हिंदू धर्म में विश्वास करते थे, मैं भी उसी में विश्वास करती हूं और वह धर्म कहता है कि मानवता सबसे महान है। स्वामी जी के आदर्शों से प्रेरित होकर मैं चाहती हूं कि बंगाल और देश के लोग एक-दूसरे का सम्मान और प्रेम करें।
- **ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### विकास का भाजपा मॉडल



बीटीआर के तामुलपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पर एक नज़र डालें, यह क्षेत्र कभी उग्रवाद से ग्रस्त था, लेकिन अब अवसरों से गुलजार है। यह 2 साल पुराना जिला है, ऐसे क्षेत्र में जहां कुछ समय पहले तक विकास एक दूर की कौड़ी था। यह विकास का भाजपा मॉडल है।
- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# गुलामी की निशानियों को मिटाकर चहुंओर स्वतंत्रता का दीप प्रज्वलित किया

## मराठा बनाम पेशवा विवाद के बीच शाह ने किया बाजीराव की प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी ⏭ मुंबई

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पुणे में श्रीमंत बाजीराव पेशवा 'प्रथम' की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान शाह ने कहा कि बाजीराव पेशवा ने अपने कौशल, रणनीति और वीर साथियों की मदद से कई हारे हुए युद्धों को जीत में परिवर्तित किया। उन्होंने कहा कि गुलामी की निशानियों को हर जगह ध्वस्त कर वहां स्वतंत्रता का दीप प्रज्वलित करने का काम बाजीराव पेशवा ने किया। पूरे 20 साल के कालखंड में बाजीराव पेशवा को घोड़े से नीचे उतरते हुए किसी ने नहीं देखा।



### बाजीराव प्रथम को श्रद्धांजलि दी

उन्होंने बाजीराव प्रथम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अगर शिवाजी महाराज द्वारा शुरू की गई और पेशवाओं द्वारा 100 साल तक आगे बढ़ाई गई स्वतंत्रता की लड़ाई नहीं होती, तो भारत का मूल ढांचा अस्तित्व में नहीं होता। शाह ने कहा कि अपने 40 साल के जीवन में पेशवा बाजीराव ने अपना ऐसा अमर इतिहास लिखा जो कोई और व्यक्ति नहीं लिख सकता। बाजीराव 19 वर्ष की आयु में मराठा साम्राज्य के पेशवा या प्रधानमंत्री बने।

### स्वराज की रक्षा के लिए नेतृत्व और सेनाएं मर मिटने को तैयार




शाह ने कहा कि जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 'स्वराज' स्थापित करने में सक्षम रहे। स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा कि जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।

**रेलवे स्टेशन का नाम रखने की मांग पर विवाद**

भाजपा की राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने रेलवे अधिकारियों से मुलाकात के दौरान मांग रखी थी कि पुणे स्टेशन का नाम बाजीराव पेशवा पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि जब तमाम शहरों के नाम उनसे जुड़ी महान हस्तियों पर रखे जा रहे हैं तो फिर पुणे का नाम भी बाजीराव पर रखा जा सकता है। हालांकि इस पर विवाद शुरू हो गया था। ऐसे में अमित शाह की ओर से पुणे में उनकी प्रतिमा का अनावरण करना अहम है।

### संप्रभुता-स्वराज के लिए प्रतिबद्ध

शाह ने कहा कि भारत के सशस्त्र बल एवं नेतृत्व देश की संप्रभुता-स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान यह तरीके से प्रदर्शित हुआ। शाह ने घोड़े पर सवार मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के यहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में अनावरण के बाद कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज और बाजीराव के बारे में सोचते हैं।

### शिंदे ने की शाह की तारीफ 'जय गुजरात' का नारा लगाया

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने जयराज स्पोर्ट्स एंड कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में शाह की जमकर तारीफ की। शिंदे जब ये बोल रहे थे तब शाह मंच पर बैठे थे। पहले शिंदे ने हिंदी में शाह की जमकर तारीफ की। इसके बाद उन्होंने गुजरातियों की तारीफ की। भाषण के अंत में 'जय हिंद, जय महाराष्ट्र, जय गुजरात' का नारा लगाया। शिंदे ने कहा कि आज गुजराती समाज के लिए फिर से ऐतिहासिक दिन है। यहां किसी चीज की कमी नहीं है क्योंकि आप सभी लक्ष्मी के पुत्र हैं। पीएम मोदी जिस काम का भूमिपूजन करते हैं, वो काम तेज गति से पूरा होता है। मैं अपना अनुभव साझा कर रहा हूं, चाहे वह समृद्धि हाईवे हो या कोस्टल रोड।



## खबर संक्षेप

### चावल मिल के गोदाम में लगी भीषण आग

**खेड़ा।** गुजरात के खेड़ा में शुक्रवार को एक चावल मिल के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद मौके से आग और धुएं का गुबार उठता नजर आया है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी मौके पर आग बुझाने की कोशिश में जुटे हैं। फायर ऑफिसर चिराग गढ़वी ने कहा कि यह आग चावल मिल के पास प्लास्टिक गोदाम में आग लगी है।



### स्कॉर्पियो ट्रक से टकराई 3 दोस्तों की मौत

**सोनीपत।** यहां के जीटी रोड सेक्टर 7 फ्लाईओवर पर वीरवार की रात स्कार्पियो व ट्रक की टक्कर हो गई स्कार्पियो में चचेरे भाईयों समेत 4लोग सवार थे। जिनमें 3 की मौत हो गई। एक हालत गंभीर बनी हुई है। स्कार्पियो अधिक रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित हो गई थी और डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी साइड टली गई। वहां से आ रहे ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी।



### कोलकाता कांड में पुलिस ने रीक्रिएट किया सीन

**कोलकाता।** पुलिस के अधिकारी शुक्रवार को छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 4लोगों को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज ले गए। वहां पुलिस ने अपराध स्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट किया। तीन मुख्य आरोपियों पूर्व छात्र और संविदा कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, वर्तमान छात्र प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद कोकॉलेज ले जाया गया।



### नीट यूजी के नतीजों को चुनौती, अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रश्न में कथित त्रुटि के कारण नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि 2 दिन पहले इसी तरह की एक अन्य याचिका खारिज कर दी थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती।



### कॉलेज से गायब छात्रा ने शादी का दावा किया

**दरभंगा।** यहां के सीएम कॉलेज से लापता छात्रा मोनिका का 7 दिन बाद शादी करने के बाद एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उसने अपहरण से इनकार करते हुए अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही है। सीएम कॉलेज, दरभंगा से लापता छात्रा मोनिका का मामला अब और पेचीदा होता जा रहा है। उसने खुद के अपहरण से इनकार करते हुए शादी करने की बात कही है।



## हिमाचल में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही, अब तक 69 की मौत

# सुक्खू ने कहा-हर बेघर को हर माह मिलेंगे 5 हजार रुपए, शाह ने 4 सीएम से बात की

### उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ बैठक के बाद बोले मुख्यमंत्री

एजेंसी ⏭ शिमला

हिमाचल में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही जारी है। अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में युद्धस्तर पर राहत बचाव कार्य चल रहा है। आपदा पर सीएम सुक्खू कड़ी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध की तरह आपदा का सामना कर रहे हैं। लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।तबाही के बीच सीएम सुक्खू ने शुक्रवार को कई राहत और बचाव योजनाओं की घोषणा की। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और अन्य मंत्रियों के साथ सीएम सुक्खू ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा से विस्थापित परिवारों को हर महीने 5 हजार रुपए मिलेंगे। जो परिवार राहत आश्रयों में रह रहे हैं और किराए का आवास ढूंढ रहे हैं, उन्हें 5 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। सुक्खू ने कहा, प्रभावित परिवारों को भोजन और राशन की आपूर्ति भी सुनिश्चित करेंगे। उधर, गृहमंत्री अमित शाह ने कई सीएम से बात की है।

**प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ**

**भोजन और आवास भी देंगे**



सीएम ने कहा कि शिमला के एक हॉर्टिकल्चर कॉलेज में फंसे 92 छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी बताया कि मंत्रिमंडल के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और प्रभावित इलाकों में राहत कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं।

**युद्धस्तर पर चल रहा सड़क, बिजली बहाली का काम**

सुक्खू ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों, बिजली और जलापूर्ति बहाली का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मुख्य सचिव समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। सरकार आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

### 14 जगहों पर बादल फटे

सुक्खू ने बताया कि इस साल मानसून की शुरुआत में ही हिमाचल में भारी तबाही देखने को मिली है। राज्य में 14 जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा, हम अध्ययन कर रहे कि बादल फटने की घटनाएं इतनी ज्यादा क्यों हो रही हैं? उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस संबंध में बात की, जिन्होंने राज्य को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। सुक्खू ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री से मेरी बात हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमें पूरी मदद देगी। नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम भी मिचल पहुंच रही है।

**कंगना और जयराम में अनबन**

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचने का प्रयास किया तो जयराम ने रुकने को कहा



हिमाचल के मंडी जिले के अलग-अलग भागों में सोमवार रात बादल फटने और भारी बारिश से आई बाढ़, भूस्खलन से मची तबाही के बाद प्रभावित क्षेत्रों की सुध नहीं लेने के आरोपों पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहीं सांसद कंगना रणौत ने अपना स्पष्टीकरण दिया है। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना ने अपने फेसबुक अकाउंट पर जारी एक पोस्ट में लिखा- हिमाचल में लगभग हर साल बाढ़ से होने वाली तबाही को देखना दिल दहलाने वाला है। मैंने मंडी के सराज और अन्य इलाकों में बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचने की

**गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्रियों से की बात**

### बचाव दल तैनात, केंद्र देगा हर संभव मदद

देश के कई राज्यों में मानसून के दस्तक देते ही भारी बारिश ने मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में भारी बारिश के कारण आई आपदा ने जमकर तबाही मचाई है। शाह ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। शाह ने एक्स पर लिखा, देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। जरूरतमंद लोगों के लिए इन राज्यों में एनडीआरएफ की पर्याप्त टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और टीमें भेजी जा सकती हैं। केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

### धामी बोले- सुरक्षा का आश्वासन दिया



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, शाह ने दूरभाष के माध्यम से श्री केदारनाथ धाम सहित राज्य के विभिन्न आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

**इस संवेदनशीलता और सक्रियता के लिए शाह का आभार**

उन्होंने कहा कि साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भी उन्होंने आश्वासन दिया। शाह का इस संवेदनशील, सक्रिय और सहृदय नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार।

## जीएसटीकी बैठक में छग की वाह वाह

# वित्तमंत्री चौधरी ने बताया, कैसे पछाड़ा गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों को



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 18 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल कर पूरे देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल राज्य की आर्थिक प्रगति को दर्शाती है, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू किए गए सुशासन और जीएसटी सुधारों की प्रभावशीलता को भी रेखांकित करती है। इस उपलब्धि के चलते छत्तीसगढ़ के वित्त एवं वाणिज्यिक-कर मंत्री ओपी चौधरी को केंद्र सरकार ने जीएसटी राजस्व वृद्धि और सुधारों के लिए गठित मंत्रियों के चार महत्वपूर्ण विशेष समूहों में शामिल किया है।

### दिल्ली में विशेष समूह की बैठक में छत्तीसगढ़ की प्रभावी भागीदारी

शुक्रवार को दिल्ली में गोवा के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रियों के विशेष समूह की बैठक में चौधरी ने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व किया। इस बैठक में जीएसटी राजस्व के विश्लेषण, आर्थिक कारकों के प्रभाव, कर लीकेज रोकने के उपायों, और राजस्व वृद्धि के लिए नीतिगत सुझावों पर गहन चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य जीएसटी परिषद को ठोस सुझाव प्रदान करना था, ताकि देशभर में जीएसटी प्रणाली को सशक्त किया जा सके। चौधरी ने बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया। बीफा, जीएसटी प्राइम, और ई-वे बिल पोर्टल जैसे टूल्स के माध्यम से बोगस व्यवसायियों को पंजीकरण के दौरान ही चिह्नित करने और फर्जी बिलों पर नियंत्रण करने की रणनीति की प्रस्तुति दी तो सभी की खूब सराहना मिली। उन्होंने बताया कि इन उपायों से न केवल कर टैक्स लीकेज पर अंकुश लगाया जा सका, बल्कि राजस्व संग्रह में भी उल्लेखनीय वृद्धि छत्तीसगढ़ में दर्ज की गई।

### व्यापारियों के लिए राहत, राजस्व में वृद्धि

चौधरी ने बताया कि छग सरकार ने जीएसटी प्रणाली को पारदर्शी, व्यापारी-अनुकूल, और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले बजट में ई-वे बिल की सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने का निर्णय लिया गया, जिससे लगभग 75 फीसदी ई-वे बिल जनरेशन की आवश्यकता समाप्त हो गई।

### 18 फीसदी की रिकॉर्ड टैक्स कलेक्शन वृद्धि

उच्च स्तरीय बैठक में ओपी चौधरी ने राज्य की उपलब्धियों को अन्य प्रदेशों के लिए एक 'माइल स्टोन' के रूप में रखते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ ने जीएसटी और वैट से कुल 23 हजार 448 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38 फीसदी है। 18 फीसदी की जीएसटी वृद्धि दर के साथ छत्तीसगढ़ ने गुजरात, महाराष्ट्र, और तमिलनाडु जैसे आर्थिक रूप से मजबूत राज्यों को पीछे छोड़ दिया। यह उपलब्धि राज्य के लिए गर्व का विषय है और यह दर्शाती है कि छोटे राज्य भी सही नीतियों और सुधारों के साथ बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। राज्य के सभी 33 जिलों में जीएसटी कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जिससे कर संग्रह और संबंधित सेवाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हुई है।

**चौतरफा प्रशंसा मिली वित्त मंत्री चौधरी की रणनीति को:** वित्त मंत्री ओपी चौधरी बैठक में सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए खूब प्रशंसा मिली। उनके नेतृत्व में विभाग ने डेटा आधारित विश्लेषण, तकनीकी निगरानी, और व्यापारी जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी है। उनकी इन उपलब्धियों को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें जीएसटी सुधारों के लिए गठित विशेष मंत्रियों के समूह में शामिल किया है।

# संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द कोई नहीं हटा सकता: खरगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनौती देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा-आरएसएस का भी कोई भी नेता संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद नहीं हटा सकता। कांग्रेस किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देगी। हैदराबाद में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा की पाखंडी सोच को उजागर करते हुए कहा कि आरएसएस नेता ने देश के संविधान से धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद निकाल देने की बात कही है। लेकिन भाजपा के अपने संविधान में धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद के सिद्धांतों के प्रति सच्ची निष्ठा रखने की बात कही गई है। यदि भाजपा को धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद से इतनी नफरत है तो इन्हें अपने संविधान में क्यों लिखा?

**मोदी सरकार की विफल रही विदेश नीति**

खरगे ने भाजपा-आरएसएस को आड़े हाथों लेते हुए आगे कहा कि इन लोगों की स्वतंत्रता संग्राम में कोई भूमिका नहीं थी और न ही वे अब देश के लिए कुछ सार्थक कर रहे हैं। हमेशा से माफी मांगना ही इनका काम रहा है। मोदी सरकार की विफल विदेश नीति और पहलगाम आतंकी हमले के बाद के घटनाक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान को बर्बाद करने की बात कही तो कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष देशहित में सरकार के साथ खड़ा था, लेकिन इन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने सवाल उठाया कि मोदी अक्सर अपने भाषणों में कहते हैं कि वे पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेंगे, लेकिन जब मौका मिला तो उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की गलत विदेश नीति की वजह से सभी देश भारत के दुश्मन बन गए हैं। हालात ये हैं कि नेपाल भी भारत से दूर हो रहा है।

### ट्रंप के दावे पर पीएम चुप क्यों?

खरगे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार की धमकी देकर भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराने के दावों पर नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की बहादुरी का उदाहरण देते हुए कहा कि वे अमेरिका से नहीं डरीं और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश को आजादी दिलाई थी।

### कांग्रेस का तेलंगाना से विशेष रिश्ता

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने आज तक हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा नहीं किया, जबकि राहुल गांधी वहां गए और लोगों का दुख-दर्द सुना। खरगे ने जातिगत जनगणना कराने के लिए तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में इसी मॉडल को अपनाना चाहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि कांग्रेस का तेलंगाना के लोगों के साथ एक विशेष रिश्ता है। वह सोनिया गांधी ही थीं, जिन्होंने उनकी लंबे समय से लंबित मांग और अपना खुद का राज्य बनाने की इच्छा को पूरा किया था।

### तेलंगाना में कई उपलब्धियां

खरगे ने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार की महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त बिजली, किसानों के लिए 8,265 करोड़ रुपए की विशेष सहायता सहित अन्य कई उपलब्धियां गिनाईं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार और देश भर की अन्य कांग्रेस सरकारें रोहित वेमुला के नाम पर हर जगह एक कानून बनाएंगी, जो छात्रों को जातिगत भेदभाव से सुरक्षा प्रदान करेगा। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश गौड़ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## पंजाब के वित्त मंत्री ने जीएसटी प्रणाली में ढांचागत बदलावों की मांग की

# पंजाब जैसे कृषि प्रधान राज्यों को लाभ पहुंचाने जीएसटी प्रणाली में सुधार की आवश्यकता: चीमा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से राजस्व विश्लेषण के संबंध में मंत्रियों के समूह की पहली बैठक के दौरान, 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद पंजाब के राजस्व की व्यापक जानकारी प्रस्तुत करते हुए, पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने जीएसटी प्रणाली में ढांचागत सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया और राजस्व बढ़ाने के लिए नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत कीं। इन सिफारिशों में जीएसटी ढांचे के तहत अनाज को शामिल करना, इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को घटाना या रद्द करना और ई-वे

बिल जनरेशन और ई-इनवॉइसिंग को अनिवार्य बनाना शामिल हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि डेटा विश्लेषण, कर चोरी और अनुपालन के मामलों का पता लगाने के लिए ऐसा एकीकृत प्लेटफार्म




विकसित किया जाए जो सभी राज्यों और केंद्रीय कर प्राधिकरणों के लिए सुलभ हो।

जीएसटी लागू होने के बाद विभिन्न करों के इसमें समाहित हो जाने से पंजाब को हुए महत्वपूर्ण वित्तीय घाटे का उल्लेख करते हुए चीमा ने कहा कि एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के रूप में पंजाब अनाज (गेहूं और चावल) की बिक्री पर खरीद कर और बुनियादी ढांचा विकास शुल्क (आईडी शुल्क) पर अत्यधिक निर्भर था। वर्ष 2015-16 में इन करों से 3,094 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 16.55% थे। इन करों के जीएसटी में शामिल हो जाने के परिणामस्वरूप राज्य को स्थायी राजस्व हानि हुई। उन्होंने केंद्रीय बिक्री कर के समाप्त हो जाने से हुए नुकसान की भी ओर ध्यान दिलाया, जिसने वर्ष 2015-16 में पंजाब के राजस्व में 568 करोड़ रुपए का योगदान दिया था।

चीमा ने कहा कि वैट प्रणाली के दौरान पंजाब की कर प्राप्तियां जीएसटी प्रणाली की तुलना में कहीं अधिक थीं। उन्होंने जुलाई 2017 से पंजाब के जीएसटी राजस्व की वृद्धि दर, अनुमानित 14% वार्षिक वृद्धि दर से लगातार कम रहने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि जीएसटी लागू नहीं होता, तो पंजाब की राजस्व स्थिति 10% सीएजीआर वृद्धि दर के साथ और बेहतर होती। उन्होंने बताया कि जीएसटी प्रणाली लागू होने के कारण 1 जुलाई 2022 से अब तक पंजाब को 47,037 करोड़ रुपए के वित्तीय घाटे का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित राज्यों जैसे पंजाब को अनाज पर खरीद कर के समाप्त होने से हुए स्थायी वित्तीय नुकसान की भरपाई मुआवजे के माध्यम से की जानी चाहिए। चीमा ने कहा कि पंजाब के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र, जैसे कृषि उपकरण, साइकिल और साइकिल पार्ट्स, और हौजरी उत्पाद, उच्च कुल कारोबार दिखाते हैं लेकिन जीएसटी राजस्व में अनुपातिक वृद्धि नहीं दिखाते। इसका मुख्य कारण यह है कि जीएसटी एक गंतव्य आधारित उपभोग कर है, जिसके कारण आईजीएसटी देनदारी के मुकाबले एसजीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट की व्यवस्था के माध्यम से पंजाब से राजस्व बाहर चला जाता है।इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर को कम करने या समाप्त करने नीतिगत हस्तक्षेप की मांग करते हुए चीमा ने कहा कि इससे राज्य को भारी रिफंड देना पड़ता है जबकि नकद कर प्राप्तियां कम हो जाती हैं।

### दावों को सीमित करना चाहिए

उन्होंने जीएसटी आर 3बी फॉर्म में आईटीसी दावों को स्वचालित करने और जीएसटी आर-2बी में उपलब्ध राशि तक दावों को सीमित करने का भी प्रस्ताव रखा ताकि धोखाधड़ी वाले दावों को रोका जा सके। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्रीय और राज्य कर प्राधिकरणों दोनों के लिए विभिन्न सरकारी पोर्टलों से डेटा एकत्र करने के लिए एक एकीकृत एआई आधारित प्लेटफॉर्म के विकास और पंजीकरण से पहले जोखिम प्रोफाइलिंग के आधार पर अनिवार्य बायोमेट्रिक सत्यापन की भी सिफारिश की। उन्होंने अपने वक्तव्य का समापन यह कहते हुए किया कि पंजाब, वित्तीय प्राप्तियों को बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है, लेकिन लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राज्य की भूमि से घिरे होने और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के कारण बने हुए वित्तीय घाटे की पूर्ति के लिए अनाज को जीएसटी ढांचे में शामिल करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

# गुकेश की शानदार जीत, दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी कार्लसन को हराया

एजेंसी ▸▸ जगरेब

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन पर एक और शानदार जीत दर्ज करके सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छह दौर के बाद एकल बढत बना ली। गुकेश की यह टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है और अब उनके 12 में से दस अंक हो गए हैं।

रैपिड वर्ग में तीन दौर बाकी है और गुकेश को पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पर दो अंक की बढ़त है। अमेरिका के वेसली सो सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि कार्लसन, नीदरलैंड के अनीश गिरी और स्थानीय खिलाड़ी इवान सारिच उनसे एक अंक पीछे हैं। आर. प्रज्ञानानंदा और अमेरिका के फेबियानो कारूआना पांच अंक लेकर सातवें स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा नौवे और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव दसवें स्थान पर हैं।



### ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट

## गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने कहा- मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा

**जगरेब।** विश्व चैंपिशन डी. गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद कहा,' ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है।'उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।



## खबर संक्षेप



### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**लंदन।** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को विंबलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

### भारत के सामने अब थाईलैंड की चुनौती



**चियांग माइ (थाईलैंड)।** भारत को अगले साल होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया में जगह बनाने के लिए शनिवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने कभी भी थाईलैंड को नहीं हराया है और कभी भी क्वालीफायर के जरिए एएफसी महिला एशियाई कप में भी जगह नहीं बनाई है। भारतीय टीम ने अंतिम बार 2003 में महाद्वीप के प्रमुख टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था लेकिन तब कोई क्वालीफायर नहीं होता था। टीम ने मेजबान के रूप में एएफसी महिला एशियाई कप 2022 में भाग लिया था लेकिन टीम में कोविड-19 के मामले आने के कारण उसे हटना पड़ा था। दो महीने से ज्यादा समय से लगातार मेहनत और अब तक ग्रुप में तीन जीत के बाद भारतीय टीम 2027 में फीफा महिला विश्व कप के लिए पहली बार क्वालीफिकेशन के बड़े सपने को पूरा करने के लिए इस मौके का फ़ायदा उठाना चाहेगी।

### श्रेयांशी वालीशेट्टी क्वार्टर फाइनल में हारकर कनाडा ओपन से बाहर

**कालगैरी।** युवा भारतीय शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी का कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज से हारने के बाद समाप्त हो गया। विश्व की 75वें नंबर की खिलाड़ी वालीशेट्टी ने शुरुआती गेम में बढ़त गंवा दी और विश्व की 69वें नंबर की खिलाड़ी शुल्ज से 53 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 19-21, 19-21 से हार गईं। वलीशेट्टी ने बृहस्पतिवार रात को विश्व की 45वें नंबर की खिलाड़ी मलेशिया की लेत्शाना करुपाथेवन को मात्र 35 मिनट में 21-15, 21-14 से हराकर 240,000 डॉलर की पुरस्कार राशि की इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। दिन में अभी भारत के किदाम्बी श्रीकांत और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम पुरुष एकल में खेलने उतरेंगे।

### भारतीय टीम नहीं जा पाएगी बांग्लादेश, दौरा स्थगित होने की संभावना

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम का बांग्लादेश का आगामी दौरा स्थगित होने की संभावना है क्योंकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) देश में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित है। पिछले साल राजनीतिक अस्थिरता के बाद बांग्लादेश के हालात तनावपूर्ण हैं, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था। भारत को 17 से 31 अगस्त तक चटगांव और ढाका में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया,'बीसीसीआई जाहिर तौर पर राजनीतिक अस्थिरता और प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क है।' हालांकि यह श्रृंखला रद्द नहीं हुई है । लेकिन यह बाद की तारीख में 2026 में आयोजित की जाएगी क्योंकि विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए वनडे चैंपियनशिप अंक इससे जुड़े हैं।

### स्मिथ और ब्रूक ने जड़े शतक, छठे विकेट के लिए की अटूट साझेदारी

# सिराज और आकाश दीप की शानदार गेंदबाजी से भारत बड़ी बढ़त की ओर

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

मोहम्मद सिराज (70 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (88 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 407 रन पर समेटने के बाद अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। पहली पारी में 587 रन बनाने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त 244 रन की हो गयी है।तीसरे दिन खेल खत्म होते समय लोकेश राहुल 28 और करुण नायर सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (28 रन) का विकेट जोश टंग की गेंद पर गंवाया। इससे पहले इससे पहले जेमी स्मिथ (नाबाद 184) और हैरी ब्रुक (158) की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 303 रन की साझेदारी के बाद भी इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गयी। भारत को इससे 180 रन की बढ़त मिली। भारत ने नयी गेंद मिलने के बाद इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट 22 रन के अंदर चटका दिये। इंग्लैंड के छह बल्लेबाजी खाता खोले बगैर आउट हुए। दिन के तीसरे सत्र में इंग्लैंड की पारी को समेटने के बाद भारत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। राहुल ने बाइडन कार्स के खिलाफ कवर क्षेत्र में शानदार चौका लगाया जबकि जायसवाल ने वोक्स के खिलाफ पुल शॉट पर चार रन बटोरे। जायसवाल ने छठे ओवर में कार्स के खिलाफ लगातार तीन चौके के साथ भारत की बढ़त को 200 रन के पार पहुंचा दिया तो वहीं दूसरे छोर से राहुल ने वोक्स के ओवर में तीन चौके जड़ दिये। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये जोस टंग ने जायसवाल को पगबाधा कर पहले विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी को तोड़ा। अंपायर के फैसले पर जायसवाल ने डीआरएस लिया लेकिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इसका यह कहते हुए विरोध किया कि उन्होंने 15 सेकंड समाप्त होने के बाद रिव्यू का इशारा किया। अंपायर ने हालांकि उनकी दलील नहीं मानी लेकिन रिप्ले में जायसवाल आउट दिखे जिससे भारत ने अपना एक डीआरएस गंवा दिया। राहुल और नायर ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी की और इंग्लैंड के गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा। भारत ने शुरुआती दो सत्र में लचर गेंदबाजी के बाद 80 ओवर का खेल पूरा होने के बाद नयी गेंद लेने का फैसला किया जो कारगर साबित हुआ। स्मिथ ने दिन के आखिरी सत्र में सिराज के खिलाफ चौका लगाने के बाद दो रन चुराकर छठे विकेट के लिए ब्रुक के साथ 300 रनों की साझेदारी पूरी की लेकिन आकाशदीप ने अगले ही ओवर में ब्रुक को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने इसके बाद क्रिस वोक्स (पांच) की पारी को स्लिप में खड़े करुण नायर के हाथों कैच कराकर खत्म किया। सिराज ने इसके बाद कार्स, टंग और शोएब बशीर को खाता खोले बगैर चलता कर चौथी बार टेस्ट पारी में पांच विकेट चटकाने का कारनामा किया।टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी एक पारी में दो बल्लेबाजों ने 150 से अधिक का स्कोर किया और उस पारी में छह बल्लेबाज खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।



### बल्लेबाजी में लय और लुत्फ दोनों पर फोकस : गिल

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरूआती दिनों में करते थे और बल्लेबाजी में लय तथा लुत्फ दोनों पर फोकस था। गिल ने 387 गेंद में 269 रन बनाए और इंग्लैंड में किसी टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। उन्होंने लीड्स में पहले टेस्ट में भी शतक लगाया था। यह पूछने पर कि श्रृंखला से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है, गिल ने कहा, ' मैंने आईपीएल के आखिर में और इस श्रृंखला से पहले इस पर काफी काम किया।

### अंडर 19 वनडे सीरीज

## चौथे वनडे में भारत के पास सीरीज जीतने का मौका



एजेंसी ▸▸ वॉर्सेस्टर

इंग्लैंड में अभी इंडिया अंडर 19 टीम और इंग्लैंड अंडर 19 टीम की वनडे सीरीज चल रही है। सीरीज के 5 मैचों की की श्रंखला में पहले 3 मैच हो चुके हैं। इसमें इंडिया ने 2-1 की बढ़त बनाई है। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का चौथा मैच 5 जुलाई को न्यू रोड, वॉर्सेस्टर में खेला जाएगा। इंडिया अंडर 19 टीम के पास अब चौथे मैच को जीतकर सीरीज में 3-1 की बढ़त बनाने का साथ ही सीरीज जीतने का मौका होगा। इस सीरीज के तीसरे मैच में भारत की कप्तानी टीम के नियमित कप्तान आयुष महात्रे की जगह उप-कप्तान अभिज्ञान कुंडू ने की थी और टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई थी।

### वैभव के साथ आयुष या अभिज्ञान में कौन करेगा ओपनिंग

तीसरे वनडे में आयुष महात्रे टीम में नहीं थे इसके बाद ओपनिंग की जिम्मेदारी वैभव सूर्यवंशी के साथ अभिज्ञान कुंडू ने संभाली थी। हालांकि अभिज्ञान इस मैच में नहीं चले थे और 12 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। ऐसे में अगर चौथे मैच में आयुष की वापसी होती है तो फिर वैभव के साथ आयुष की ओपनिंग की जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले दो मैचों में वैभव और आयुष ने भारतीय पारी की शुरुआत की थी।

### चौथे मैच के लिए इंडिया की संभावित प्लेइंग इलेवन

आयुष महात्रे, वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार,अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान/विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, आरएस अंबरीश, दीपेश देवेन्द्रन/युद्धजीत गुहा, हेनिल पटेल, नमन पुष्पक।

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

## जडेजा ने 2000 रन और 100 विकेट लेने का बनाया रिकॉर्ड



एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इतिहास रच दिया है। वह आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में 2000 या 2000 से अधिक रन के साथ-साथ 100 या 100 से अधिक विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

जडेजा ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 41 मुकाबलों में हिस्सा लिया है। इस बीच उनके बल्ले से 2010 रन निकले हैं। इसके अलावा गेंदबाजी में उन्होंने 132 सफलता प्राप्त की है। बात करें रवींद्र जडेजा के टेस्ट करियर के बारे में तो उन्होंने देश के लिए 82 टेस्ट मुकाबलों में हिस्सा लिया है। इस बीच उनके बल्ले से 121 पारियों में 35.3 की औसत से 3495 रन निकले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम चार शतक और 23 अर्धशतक दर्ज है।

गेंदबाजी में उन्होंने टेस्ट के इतने ही मुकाबलों की 153 पारियों में 24.61 की औसत से 324 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनके नाम तीन बार 10 और 15 बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा जुड़ा है।

### स्टोक्स के पास है बराबरी करने का मौका

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पास भी यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका है। उन्होंने अपनी टीम की तरफ से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 55 मुकाबलों में हिस्सा लिया है। इस बीच उनके बल्ले से 3365 रन निकले हैं। मगर गेंदबाजी के दौरान वह 86 विकेट ही चटका पाए हैं। भविष्य में वह 14 विकेट और प्राप्त करने में कामयाब होते हैं तो वह भी जडेजा के खास क्लब में शामिल हो जाएंगे।



## नूपुर विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल में, अविनाश सेफा में

भाषा ▸▸ अस्ताना

भारतीय मुक्केबाज नूपुर (80 से अधिक किग्रा भार वर्ग) ने अस्ताना में चल रहे विश्व मुक्केबाजी कप के फाइनल में जबकि अविनाश जामवाल (65 किग्रा) ने सेमीफाइनल में जगह पक्की की जिससे भारत की पदकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नूपुर ने शुक्रवार को सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्की की सेमा दुस्ताज को 5-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

इससे पहले दिन में अविनाश ने पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में प्रभावित किया। उन्होंने अमेरिका के रेने कैमाचो को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई और अपना पदक पक्का किया। नीरज फोगाट (65 किग्रा) और अनामिका (51 किग्रा) का अभियान हालांकि क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। नीरज को करीबी और रोमांचक मुकाबले में 2-3 के खंडित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। भारत का एक मुक्केबाज फाइनल में और 10 मुक्केबाज सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके हैं।



## डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 23 जुलाई से

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा।

- 134वें चरण में कुल 24 टीमें में होगी खिताब जंग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना की ओर से आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सुशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं। ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डूरंड कप ट्रॉफी के अनावरण की इस परंपरा में शामिल होने पर खुशी हो रही है।



### अपने देश में, अपने नाम पर टूर्नामेंट में खेलेंगे चोपड़ा

# नीरज चोपड़ा क्लासिक के सबसे प्रबल दावेदार होंगे नीरज

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

अपने नाम पर होने वाले पहले एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा खिताब के प्रबल दावेदार तो होंगे ही, साथ ही उनकी नजरें इस साल में दूसरी बार 90 मीटर की बाधा पार करने पर लगी होंगी। 27 वर्ष के नीरज इस खेल में लगभग सभी खिताब जीत चुके हैं, जिनमें ओलंपिक, विश्व चैंपिशनशिप स्वर्ण पदक, डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक शामिल हैं।

नीरज चोपड़ा क्लासिक का पहला सत्र भारतीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टूर्नामेंट देखने का मौ का देने के मकसद से आयोजित किया गया है, जिससे खेल की लोकप्रियता भी बढेग़ी। चोपड़ा ने स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांडो डुप्लांटिस और कीनिया के लंबी दूरी के धावक किपचोगे कीनो से प्रेरणा ली है, जिनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मोंडो क्लासिक और किप कीनो क्लासिक होते हैं।



### एनसी क्लासिक हर साल होगा

कांतीरावा स्टेडियम पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय प्रशंसकों को चोपड़ा को खेलते देखने का मौका मिलेगा। वह भी फिर से 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंकना चाहेंगे, जो उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में फेंका था। चोपड़ा एक साल बाद भारत में खेल रहे हैं । तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा, 'भारत में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन लंबे समय से मेरा सपना रहा है, जो अब सच होने जा रहा है।' उन्होंने कहा,' मैं बहुत रोमांचित हूं। मैंने देश के लिए ओलंपिक और अन्य पदक जीते हैं लेकिन अब इस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय एथलेटिक्स, एथलीटों और प्रशंसकों को कुछ लौटाने जा रहा हूं।' चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और विश्व एथलेटिक्स के साथ मिलकर इसका आयोजन किया है।

### यह भारतीय एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरूआत : नीरज

**बेंगलुरु।** अपने नाम से होने वाले भालाफेंक टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का मानना है कि यह भारतीय एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरूआत है और ऐसे कुछ और विश्व स्तरीय टूर्नामेंट यहां होने चाहिए । नीरज चोपड़ा क्लासिक 5 जुलाई शनिवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा ने टूर्नामेंट से पहले कहा, ' मुझे लग रहा है कि यह सपने जैसा है। पदक अलग बात है। लेकिन मैंने भारत और भारतीय एथलेटिक्स को ऐसा कुछ दिया है, जिसकी मुझे खुशी है। यह हमारे एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरूआत है।' उन्होंने कहा,' जिस तरह से हर ओर से इसे सहयोग मिल रहा है। सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ, विश्व एथलेटिक्स और प्रायोजकों की ओर से। मुझे लगता है कि हम इस टूर्नामेंट को और बेहतर बना सकते हैं।' चोपड़ा ने कहा कि वह भारत में एथलेटिक्स स्पर्धाओं को अमेरिका या यूरोपीय देशों में नियमित तौर पर होने वाले टूर्नामेंटों के समकक्ष बनाना चाहते हैं।

# ‘बिग ब्यूटीफुल बिल’ : यूएस संसद में 218-214 के अंतर से हुआ पारित, ट्रंप ने किए साइन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के महत्वाकांक्षी विधेयक ‘बिग ब्यूटीफुल बिल’ को अमेरिकी संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) से गुरुवार को अंतिम मंजूरी मिल गई है। इस दौरान 218 सांसदों ने बिग ब्यूटिफुल बिल का समर्थन किया। 214 सांसदों ने इस विधेयक के खिलाफ वोट डाले। स्पीकर माइक जॉनसन ने बिग ब्यूटीफुल बिल पास होने की घोषणा की। सदन ने जैसे ही इस टैक्स विधेयक को अंतिम मंजूरी दी, बिल को हस्ताक्षर के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास भेजा जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए। ट्रंप की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस बिल के खिलाफ वोट दिया था। चर्चा के दौरान सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा कि हमें एक बड़ा काम पूरा करना है।

## ट्रंप की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्ज़पैट्रिक ने इस बिल के खिलाफ वोट दिया

‘बिग ब्यूटीफुल बिल’ को अमेरिकी संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) से गुरुवार को अंतिम मंजूरी मिल गई। 218 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। 214 सांसदों ने इस विधेयक के खिलाफ वोट डाले। स्पीकर माइक जॉनसन ने बिल पास होने की घोषणा की



### बिल के विरोध में डेमोक्रेटिक नेता जेफ्रीस ने 8 घंटे से अधिक समय तक भाषण दिया

अमेरिकी संसद में चर्चा के दौरान 940 पेज के इस भारी-भरकम बिल पर न्यूयॉर्क के डेमोक्रेटिक नेता हकीम जेफ्रीस ने विधेयक के विरोध में रिकार्ड तोड़ भाषण दिया। विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर बहस में भाग लेने वाले जेफ्रीज ने 8 घंटे 44 मिनट के रिकॉर्ड भाषण में कहा कि स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रमों पर अमेरिकी लोग बड़ी संख्या में निर्भर हैं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें सदन में यह कहना पड़ेगा कि यह एक अपराध स्थल है। अमेरिकी लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को खतरे में डाला जा रहा है।

### सीनेट में जेडी वेंस के समर्थन से पारित हुआ था विधेयक

*यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था। उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस बिल को लेकर निर्णायक वोट डाला था। बता दें कि बीते 30 जून को (अमेरिकी समयानुसार) सीनेट में मतदान के दौरान विधेयक के पक्ष और विरोध में 50-50 मत पड़े।*

### कमजोर वर्ग पर बोझ बढ़ेगा: डेमोक्रेट्स

विधेयक का विरोध कर रहे डेमोक्रेट्स का कहना है कि यह अमीरों को कर में छूट देने का एक तरीका है। मजदूर वर्ग समाज के सबसे कमजोर वर्ग पर बोझ बढ़ेगा। दशक भर में घाटा 3.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ जाएगा।

### विधेयक की खासियत

ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान लागू 4.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के टैक्स छूट को लागू करना है। कर्मचारियों को टिप और ओवरटाइम वेतन में कटौती की अनुमति मिलेगी। प्रति वर्ष 75,000 अमेरिकी डॉलर से कम कमाने वाले अधिकांश वृद्धों के लिए 6,000 अमेरिकी डॉलर की कटौती। अमेरिका में ‘गोल्डन डोम’ रक्षात्मक प्रणाली विकसित करने के लिए लगभग 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश का भी जिक्र।

## बच्चों ने मनाया वारी तीर्थयात्रा उत्सव



**मुंबई।** मुंबई में आषाढ़ी एकादशी समारोह के हिस्से के रूप में साड़ी पहने बच्चियां और वारकरी के रूप में तैयार बच्चों ने दिंडी जुलूस में भाग लिया। आषाढ़ी एकादशी रविवार, 6 जुलाई, 2025 को मनाई जाएगी। महाराष्ट्र का सबसे बड़ा मेला पंढरपुर में लग रहा है। यह सबसे महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा उत्सव है, जिसमें हर साल करीब 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल होते हैं। इस पदयात्रा को पंढरपुर वारी कहा जाता है, जो करीब 21 दिनों तक चलती है। पालकी यात्रा 19 जून 2025 को शुरू हुई थी। आषाढ़ एकादशी के दिन 6 जुलाई 2025 को पंढरपुर में पालकी को ले जाया जाएगा और 10 जुलाई 2025 को यात्रा पूरी होगी। कहते हैं कि पिछले 800 सालों से यह यात्रा चल रही है।

### मणिपुर में सुरक्षा बलों को मिली सफलता

## 11 आग्नेयास्त्र सहित पहाड़ी जिलों में 200 से अधिक घातक हथियार बरामद

एजेंसी ▶▶ इंफाल



मणिपुर के चार पहाड़ी जिलों में सुरक्षा बलों ने कुछ ही घंटों तक चले अभियान में आग्नेयास्त्रों सहित 200 से अधिक हथियार और युद्ध संबंधी सामग्री बरामद की है। गुरुवार मध्य रात्रि से शुक्रवार सुबह तक चलाए गए संयुक्त अभियान में बरामद विस्फोटकों में इंसास राइफलें, सेल्फ-लोडिंग राइफलें (एसएलआर) और परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) शामिल थे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) लहरी दोरजी ल्हाटू ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामग्री छिपाकर रखे जाने के बारे में विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद, टेंग्नौपाल, कांगपोकपी, चंदेल और चुराचांदपुर जिलों के अंदरूनी और संदिग्ध क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान शुरू किए गए। अन्य अभियान में चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों में सुरक्षा बलों ने कम से कम 11 आग्नेयास्त्र बरामद किए। बरामद किए गए हथियारों में एक देसी एके राइफल, मैगजीन, एक लेथोड बंदूक, मैगजीन, चार देसी पिस्तौल, तीन देसी सिंगल बैरल राइफल, एक देसी स्टेन कार्बाइन और चार ‘पंम्पी’ शामिल हैं।

### रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हमला

## 550 मिसाइल व ड्रोन से किया अटैक 23 घायल, कई इमारतें हुईं क्षतिग्रस्त

एजेंसी ▶▶ कीव



रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसाइलों को हवा में मार गिरा गया। इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा द्निप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

### स्कूल व अस्पताल को बनाया निशाना

*इस हमले से कीव के कई इलाकों में अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। यूक्रेन की वायु सेना के मुताबिक, रूस ने पहले रात 12:30 बजे कीव की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी और फिर रात 2:30 बजे के आसपास और मिसाइलें छोड़ीं।*

## जेट एफ-35बी विमान: आज रिपेयरिंग में जुटेगी 40 सदस्यीय तकनीकी टीम

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बीते तीन हफ्तों से खड़ा ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35बी लड़ाकू विमान अब जल्द ही मरम्मत के बाद उड़ान भर सकेगा। इस जेट की साइट पर मरम्मत के लिए यूके से 40 सदस्यीय तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम आज (5 जुलाई को) केरल पहुंचेगी। यह टीम एक विशेष विमान से भारत आएगी और हाई-टेक एविएशन उपकरणों के साथ इस महंगे फाइटर जेट की मरम्मत करेगी। बता दें कि 14 जून की रात को ब्रिटिश रॉयल नेवी का यह एफ-35बी सुपरसोनिक जेट एक नियमित सैन्य अभ्यास के दौरान आपात स्थिति में तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर उतरा था। यह उड़ान एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कैरियर से भरी गई थी, जो उस समय सिंगापुर स्ट्रेट के पास तैनात था। आपात स्थिति की वजह खराब मौसम और ईंधन की कमी थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109